संसेक्स 71,356.60 ▲ -535.88
डॉलर 83.298 ▼ -0.375



तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 16.0 | 21.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 25.0 | 13.0 | 23.0 |
| पलामू | 24.0 | 15.0 | 22.0 |


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते


डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 04 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 79, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — अयोध्या से सनातन का भव्य सूर्योदय ...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


'जॉली एलएलबी 3' में आमने-सामने होंगे ...10 — देश/विदेश


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,880

चांदी (किलो) 73,010

# सीएम के करीबियों के ठिकानों पर ईडी के छापे

- साहेबगंज डीसी के आवास से 8 लाख रुपये व नाइन एमएम पिस्टल के 14 गोली बरामद
- कटोरिया के पूर्व विधायक पप्पू यादव के देवघर स्थित आवास पर भी छापा
- डीएसपी राजेंद्र दुबे के साहिबगंज व हजारीबाग स्थित ठिकानों पर भी छापा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में जारी राजनीतिक सरगर्मी के बीच बुधवार की सुबह साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में ईडी ने राजधानी रांची के दस ठिकानों सहित राजस्थान और पश्चिम बंगाल में छापेमारी की है। अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची में भी मुख्यमंत्री के कुछ करीबियों के घर दबिश दी गई है। इनमें सबसे बड़ा नाम मुख्यमंत्री के करीबी व प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू है जिसके रांची के रातू रोड के शिवपुरी स्थित आवास में छापेमारी चल रही है।

वहीं साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव के साहिबगंज और राजस्थान स्थित ठिकाने पर छापा मारा गया है। ईडी ने डीसी साहिबगंज के आवास से नाइन एमएम पिस्टल के 14 गोली व सरकारी दस्तावेज के बीच लिफाफे में रखा आठ लाख रुपया भी बरामद किया है। डीसी गोलियों के विषय में कोई जानकारी नहीं दे पाए। आर्किटेक्ट विनोद कुमार के रांची स्थित ठिकाने, खुडानिया ब्रदर्स के साहिबगंज स्थित ठिकाने, कटोरिया के पूर्व विधायक राजकिशोर यादव उर्फ पप्पू यादव के देवघर स्थित आवास, साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे के साहिबगंज वह हजारीबाग स्थित ठिकाने, अभय सरावगी के कोलकाता स्थित आवास, अवधेश कुमार व रोशन आदि के ठिकानों पर छापेमारी की गई है।

### अभिषेक के घर सुबह-सुबह पहुंची ईडी की टीम

रांची में रातू रोड के शिवपुरी स्थित अभिषेक प्रसाद के घर पर सुबह दो गाड़ियों से पहुंची ईडी की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। विनोद सिंह और रोशन के रातू रोड के पिस्का मोड स्थित आवास पर भी छापा मारा गया है। सभी के घरों को सुरक्षाबलों ने घेर रखा है। सूत्रों ने बताया कि अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू (मीडिया सलाहकार, सीएम हेमंत सोरेन) के यहां यह कार्रवाई अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के केस से जुड़ी है।

### अवैध खनन मामले में नाम आया था सामने

तीन दिन पहले साहिबगंज के जिरवाबाड़ी ओपी में पत्थर किंग प्रकाश यादव उर्फ मुंगेरी यादव ने इनमें से कुछ प्रमुख आरोपितों के विरुद्ध सनसनीखेज आरोप लगाया था। मुंगेरी यादव का आरोप था कि अवैध पत्थर खनन का विरोध करने वालों पर झूठा मुकदमा किया जाता है और उन्हें मदद करने के नाम पर भी वसूली की जाती है।

### डीएसपी राजेंद्र दुबे के हजारीबाग स्थित आवास में भी छापेमारी

**हजारीबाग।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बुधवार सुबह डीएसपी राजेन्द्र दुबे के शिवपुरी स्थित आवास में छापेमारी की। सुबह 6:30 बजे ईडी की टीम ने उनके घर में दस्तक दी। लगभग 15 सदस्य टीम दो गाड़ियों से छापेमारी करने पहुंची। राजेंद्र दुबे लगभग तीन वर्षों से डीएसपी के पद पर साहिबगंज खनन क्षेत्र में पदस्थापित हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के बहुत करीबी माने जाते हैं। रांची प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय में डीएसपी राजेंद्र दुबे को पूछताछ के लिए पंकज मिश्रा के खनन मामले में बुला चुकी है। डीएसपी राजेंद्र दुबे 1994 बैच के एसआई पद पर नियुक्त हुए थे। राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित राजेंद्र दुबे बहुत ही कम समय में डीएसपी के पद पर आसीन हो गए और खनन क्षेत्र में हमेशा से ड्यूटी पर तैनात रहे। डीएसपी राजेंद्र दुबे मूल रूप से इचाक प्रखंड के तिलरा गांव के रहने वाले हैं। हजारीबाग के शिवपुरी के अलावे गांव में आलीशान मकान है जबकि रांची में करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन है। पंकज मिश्रा के करीबी होने के कारण हेमंत सरकार में अच्छी पकड़ भी है।

**इस मामले में कई जेल में :** अवैध पत्थर खनन मामले में वर्तमान में मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, नेताओं व नौकरशाहों का चहेता प्रेम प्रकाश, दाहू यादव का बेटा राहुल यादव, कृष्णा कुमार साहा, भगवान भगत व टिंकल भगत जेल में बंद है। दाहू यादव फरार है। इसी केस में बच्चू यादव व पशुपति यादव को जमानत मिली है।

### साहेबगंज डीसी के राजस्थान स्थित आवास पर भी पड़ा छापा

साहेबगंज डीसी के कैंप कार्यालय से ईडी ने आठ लाख रूपया और कई कागजात बरामद किया है। डीसी रामनिवास यादव से ईडी की टीम पूछताछ भी किया है। डीसी से ईडी ने किस सिलसिले में पूछताछ की है, इसमें फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि अवैध खनन से जुड़े मामले में साहेबगंज डीसी से पूछताछ की गई है। वहीं ईडी की टीम ने साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव के राजस्थान स्थित आवास व दूसरे कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इस छापेमारी से राजस्थान की ईडी टीम को अलग रखा गया है।

## एक नजर

### सुचित्रा हत्याकांड : पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने जवाब के लिए हाईकोर्ट से मांगा समय

**रांची।** रांची के चुटिया स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल की दिवंगत शिक्षिका सुचित्रा मिश्रा की हत्या के आरोपों से बरी हो चुके, भाजपा के पांकी विधायक शशिभूषण प्रसाद मेहता ने हाईकोर्ट में जवाब देने के लिए समय मांगा है। बुधवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की बेंच में इस मामले में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली गोविंद मिश्रा की याचिका पर सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने बहस की।

### आईएएस अधिकारी राजीव को अपर मुख्य सचिव रैंक में प्रोन्नति

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजीव अरुण एक्का को लेवल 17 में 2.25 लाख के वेतनमान पर प्रमोशन देते हुए अपर मुख्य सचिव बनाया है। अब वह पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव होंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य सरकार ने इसके अलावा तीन आईएएस अफसर को प्रधान सचिव रैंक लेवल 15 में प्रमोशन दिया है।इन्हें अब 182200-224100 का वेतनमान मिलेगा। इनमें मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार को प्रधान सचिव रैंक में प्रमोशन दी गई है। तीनों अधिकारी अपने ही विभाग में प्रधान सचिव के पद पर रहेंगे। इसके अलावा अतिरिक्त प्रभाव वाला पद भी उनके पास रहेगा।

### महुआ मोइत्रा के निष्कासन पर अंतरिम रोक लगाने से एससी का इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने महुआ मोइत्रा के निष्कासन के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल अंतरिम राहत नहीं दे सकते, ये मामला इतना आसान नहीं है। कोर्ट ने महुआ की संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने की मांग ठुकरा दी है। सुनवाई के दौरान महुआ की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि महुआ को केवल अपने लॉग-इन आईडी साझा करने के कारण निष्कासित किया गया है।

## पीएम मोदी ने केरल के त्रिशूर में किया रोड शो



**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केरल के त्रिशूर शहर में एक रोड शो किया और भारी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। मोदी ने एक विशेष वाहन में रोड शो किया जो उनके गृह राज्य गुजरात से लाया गया था। राज्य भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन, अभिनेता सुरेश गोपी और केरल भाजपा महिला मोर्चा की नेता निवेदिदा वाहन में मोदी के साथ मौजूद थीं। मोदी हेलीपैड से लेकर जनसभा स्थल तक कतार में खड़ी भीड़ की ओर हाथ हिलाते दिखे। वह एक महिला रैली में शामिल होने जा रहे थे। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर अभिनेत्री शोभना, पीटी उषा, मिन्नू मणि भी थीं।

केरल की 83 वर्षीय मारियाकुट्टी को भी प्रधानमंत्री के साथ मंच पर देखा गया। पिनाराई विजयन सरकार द्वारा समय पर सामाजिक कल्याण पेंशन का भुगतान करने में विफल रहने के बाद मारियाकुट्टी भीख का कटोरा लेकर सड़कों पर उतर आईं थी।

### सीएम आवास में सत्तारूढ़ दल के विधायकों की बैठक खत्म

## 'हेमंत सीएम हैं और आगे भी पद पर बने रहेंगे'

**नेतृत्व परिवर्तन नहीं हो रहा है सब कुछ अफवाह : इरफान**

**आखिर क्यों इस्तीफा दें सीएम, उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं : अनुप**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में बढ़े राजनीतिक तापमान के बीच बुधवार शाम साढ़े चार बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर महागठबंधन के विधायक दलों की बैठक सकारात्मक हुंकार के साथ संपन्न हुई। बैठक में शामिल सभी विधायकों ने हेमंत सोरेन पर विश्वास जताया और कहा कि हेमंत सीएम हैं और आगे भी बने रहेंगे। हमारी सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ने की। बैठक में राज्य के ताजा राजनीतिक हालात पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी बात रखते हुए सभी को स्थिति से अवगत कराया। सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री के प्रति अपना पूरा भरोसा जताया और एक स्वर में कहा कि वे हमेशा उनके साथ हैं और आगे भी बने रहेंगे। किसी भी तरह की स्थिति में वे सभी पूरी तरह एकजुट हैं और मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के खिलाफ किसी भी तरह की साजिश को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने यह भी कहा की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और जनहित में लगातार कार्य कर रही है और यह निरंतर जारी रहेगी। बैठक के शेष पृष्ठ 11 पर

### बैठक में नहीं पहुंचे लोबिन हेंब्रम और चमरा लिंडा

इस महत्वपूर्ण बैठक में कुल 37 विधायक शामिल हुये। जिसमें स्टीफन मरांडी, जोबा मांझी, दीपक बिरूआ, बेबी देवी, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, भूषण बाड़ा, समीर मोहंती, राजेश कच्छप, अनूप सिंह, मंत्री रामेश्वर उरांव, डॉ. इरफान अंसारी, प्रदीप यादव, शेष पृष्ठ 11 पर

## गांडेय विस सीट पर उप चुनाव के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भेजी अनुशंसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सियासी गहमागहमी के बीच खाली हुए गांडेय सीट पर उप चुनाव कराने की अनुशंसा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भेज दी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने झारखंड विधानसभा की अधिसूचना की प्रतिलिपि के साथ यह अनुशंसा भेजी है। अब चुनाव आयोग तय करेगा कि गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव कराया जायेगा या नहीं। इस संबंध में के रवि कुमार ने बताया कि यह एक प्रक्रिया है। इसके तहत कोई भी विधानसभा सीट खाली होने पर भारत निर्वाचन आयोग को इसकी सूचना देनी होती है। गांडेय विधानसभा सीट से विधायक रहे सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर, 2023 को इस्तीफा दिया था। स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने एक जनवरी को इस्तीफा मंजूर कर लिया था, जिसके बाद विधानसभा सचिवालय ने लेटर जारी किया था। उल्लेखनीय है कि गांडेय विधानसभा सीट के लिए उप चुनाव होने पर संशय बरकरार है। संवैधानिक प्रावधान के अनुसार तय समय से एक साल पहले खाली हुए विधानसभा सीट पर उप चुनाव नहीं होगा। हालांकि, यह विधानसभा गठन की तारीख या सरकार के गठन की तारीख इन दोनों में से कौन सा मान्य होगा इस पर स्पष्ट वर्णन शेष पृष्ठ 11 पर

## ससुर ने आपत्तिजनक स्थिति में देखा तो बहु ने प्रेमी से करा दी हत्या

**बुजुर्ग बिनेसर सिंह हत्याकांड का पुलिस ने किया चौबीस घंटे के अंदर खुलासा**

**लातेहार के गोवा गांव में खेत से बरामद हुआ था बिनेसर सिंह का शव**



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** थाना क्षेत्र के गोवा गांव निवासी बिनेसर सिंह हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर ही सुलझा ली है। बिनेसर सिंह की हत्या उसकी बहु मुनिका कुंवर पति स्व सोमनाथ सिंह ने ही अपने आशिक बिजुल कुमार सिंह पिता श्रवण सिंह के साथ मिलकर कर दी थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टांगी को भी बरामद कर लिया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता कर पुलिस ने बताया कि बीते दो जनवरी को लातेहार के गोवा निवासी बिनेसर सिंह की हत्या धारदार हथियार से कर दी गई थी। मृतक के रिश्तेदार गंगोत्री देवी, पति अनूप सिंह के फर्द बयान पर लातेहार थाना कांड सं 01/24 दर्ज किया गया। पुलिस अनुसंधान के दौरान यह बात सामने आई कि बिनेसर सिंह की हत्या उसकी बहू ने ही अपने आशिक के साथ मिलकर कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि बिनेसर सिंह शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रश्नावली भेजें खुशी से देंगे जवाब : केजरीवाल



**फिर ईडी के सामने पेश नहीं हुए दिल्ली के सीएम, भेजा पत्र**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने जांच एजेंसी को चिट्ठी लिखी है और उन्होंने नोटिस को अवैध बताया। मालूम हो कि एजेंसी ने केजरीवाल को तीसरा समन भेजकर तीन जनवरी को पूछताछ में शामिल होने के लिए बुलाया था। केजरीवाल ने ईडी को भेजे पत्र में कहा है कि, वह जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। अगर आप कोई जानकारी या कोई दस्जावेज चाहते हैं तो मुझे किसी भी सवाल का जवाब देने में खुशी होगी। उन्होंने ईडी को लिखे पत्र में एक प्रश्नावली मांगी है और समन की मंशा पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने पत्र में इस बात का भी जिक्र किया है कि 19 जनवरी को दिल्ली में राज्यसभा चुनाव होने हैं और उन्हें 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में दिल्ली सीएम के तौर पर हिस्सा शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया दक्षिण बचाने के लिए हिंदी और धर्म विद्वेष की राजनीति



सुनील बादल

**पीएम** मोदी दक्षिण की यात्रा पर हैं और कुछ दिनों पूर्व वाराणसी में उन्होने काशी तमिल संगमम कर एक संदेश दिया था कि वे दक्षिण के साथ काशी के संबंधों को बढ़ाकर दक्षिण विजय पर निकलने वाले हैं । भाषा,जाति,अल्पसंख्यक और क्षेत्रीयता की राजनीति भारत के लिए नई नहीं है पर पिछले एक दशक से धर्म की राजनीति अधिक उभर कर आई है। सनातन की बहुसंख्यक राजनीति के सहारे सत्ता में अच्छी पकड़ बनाने वाली भाजपा हाल में तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन सहित अन्य नेताओं के बयान को अब मुद्दा बनाएगी।

तमिलनाडु की राजनीति में ब्राह्मणवाद और हिंदी का विरोध आरंभ से ही राजनीतिक मुद्दा रहा है। डीएमके चीफ एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टॉलिन ने 'सनातन धर्म' पर एक विवादित बयान के बाद से कांग्रेस और विपक्ष के गठबंधन में इंडिया में शामिल कई नेता भी असहज हो गए थे । बहुत सोच समझकर दिए गए बयान के पीछे द्रविड़ राजनीति की 50 वर्ष की पृष्ठभूमि है जिसकी शुरूआत ईवी रामासामी नायकर पेरियार की अगुवाई में हुई थी। उदयनिधि ने कहा था , 'आइए हम तमिलनाडु के सभी 39 संसदीय क्षेत्रों और पुडुचेरी लोकसभा क्षेत्र में जीत हासिल करने का संकल्प लें. सनातन को गिरने दो, द्रविड़म को जीतने दो।' उन्होंने कहा वो पेरियार, अन्ना और कलाईगनार के फॉलोअर हैं. वो हमेशा सोशल जस्टिस के लिए लड़ेंगे और एक समान समाज का निर्माण करेंगे। वहां द्रविड़नाडु, की मांग एक नारे के रूप में निकली थी 'तमिलनाडु तमिल लोगों के लिए है' ये वही स्लोगन है जो पेरियार ईवी रामासामी नायकर ने 1938 में पूरे देश में हिंदी शिक्षा अनिवार्य करने के विरोध में दिया था. शुरूआत में ये नारा सिर्फ तमिलभाषी क्षेत्रों तक सीमित था, लेकिन बाद में ये विरोध बढ़कर आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में फैल गया था । इस आंदोलन का उद्देश्य ब्राह्मणवादी सत्ता को खत्म करना, महिलाओं और कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों के लिए रोजगार में समानता और तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और तमिल जैसी द्रविड़ भाषाओं को विकसित करना शामिल था। ये आंदोलन जाति व्यवस्था से बिल्कुल अछूता था। पेरियार का कहना था कि जो आर्य ब्राह्मण संस्कृत बोलते थे और उत्तर भारत से आए थे, वही तमिल क्षेत्र में जातिवाद लाए. पेरियार ने हिंदी को अनिवार्य रूप से लागू करने के विरोध में एक मजबूत आंदोलन का समर्थन किया। साथ ही तमिल क्षेत्र में हिंदी को अनिवार्य करना 'उत्तर भारतीय साम्राज्यवाद' स्थापित करने की कोशिश भी बताया। इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने अपनी किताब 'मेकर्स ऑफ इंडिया' में दावा किया है कि कैसे महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में ब्राह्मणों ने ब्रिटिश राज के शुरूआती दौर में सबसे ज्यादा फायदा उठाया था। उन्होंने अंग्रेजी भाषा सीखी और शिक्षक, वकील, डॉक्टर और सिविल सेवक बन गए। समाज में भी उन्हें ऊंचा ओहदा प्राप्त था। उन्होंने लिखा, 'भारत में आने के कुछ ही समय बाद ईसाइयों ने हमारे लोगों को एकजुट किया, उन्हें शिक्षा दी और खुद को हमारा स्वामी बना लिया। दूसरी ओर हमारा धर्म, जिसे भगवान द्वारा बनाया गया और लाखों-करोड़ों साल पुराना कहा जाता है वो मानता है कि उसके अधिकांश लोगों को अपना धर्म ग्रंथ नहीं पढ़ना चाहिए। यदि कोई इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो धर्मग्रंथ पढ़ने वाले की जीभ काटने, सुनने वाले के कानों में सीसा पिघलाकर डालने और सीखने वालों का हृदय निकाल लेने जैसे दंड दिए जाते हैं। 'जबकि तमिलनाडु में ब्राह्मण बहुल क्षेत्र के विधायक एस वी शेखर ने 2016 में बयान दिया था कि 'तमिलनाडु में ब्राह्मण के घर पैदा होना श्राप है। राज्य में केवल 4 फीसदी ब्राह्मण हैं जिसकी वजह से उन्हें नजरअंदाज किया जाता है।' जनवरी 2023 में, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आरोप लगाया था कि, ₹एक राष्ट्र, एक चुनाव, एक धर्म' की तरह, बीजेपी एक भाषा के शेष पृष्ठ 11 पर

## मनरेगा ठेकेदार के घर से अवैध 40 पटरा व 30 चौखट जब्त

**महिलाओं के भारी विरोध के बीच पीटीआर की टीम ने की कार्रवाई**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसांढ़ रेंज की टीम ने बुधवार को एक मनरेगा ठेकेदार के घर से 40 पटरा व 30 चौखट जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान टीम को महिलाओं के प्रबल विरोध का सामना करना पड़ा। मुखबिर की सूचना पर दुरुप गांव में की गई कार्रवाई में बरामद लकड़िया सखुआ और बीया की बताई जा रहीं हैं। इस दौरान मौका पाकर आरोपी ठेकेदार सफरुल अंसारी भागने में सफल रहा। घटना की पुष्टि करते हुये पीटीआर दक्षिणी प्रमंडल के उप निदेशक कुमार आशीष ने बताया कि बारेसांढ रेंज के वन रक्षक परमजीत तिवारी के नेतृत्व में अवैध लकड़ियों को जब्त किया गया है। वनरक्षक ने बताया कि जब्ती कार्रवाई के दौरान काफी भीड़ जमा हो गई थी। इस दौरान टीम को महिलाओं के संघर्षपूर्ण विरोध का भी सामना करना पड़ा। लकड़ियों को दुरूप के वन्य कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है। गुरुवार को इसकी रिपोर्ट लातेहार के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश की जायेगी। बारेसांढ़ रेंज के अंतर्गत आनेवाला दूरूप गांव नेतरहाट थाना क्षेत्र में आता है। वनरक्षक परमजीत तिवारी ने बताया कि सफरूल अंसारी का परिवार लकड़ी की तस्करी मामले में पहले भी निशाने पर आ चुका है।

## एक नजर

### भाजपा नेताओं ने एसडीएम से की मुलाकात

**हुसैनाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के एक शिष्टमंडल ने पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व वरिष्ठ नेता राम प्रवेश सिंह के नेतृत्व में एसडीओ हुसैनाबाद सह प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने उन्हें हुसैनाबाद क्षेत्र में व्याप्त जनहित की कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। आईएएस सह एसडीएम ने प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है। इस मौके पर जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, मंडल उपाध्यक्ष ललन यादव,अखिलेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

### मसूरिया ने रंगिया को 12 रनों से दी मात

**मनातू।** प्रखंड के रंगिया पंचायत स्थित झोबाबा प्रांगण में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रभु कुमार यादव ने कहा कि टूर्नामेंट क्षेत्रीय खिलाड़ियों के प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतर मंच है। इस दौरान दर्शकों को रंगिया व मसूरिया के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मसूरिया की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 217 रन बनाये। पीयूष विराट ने शानदार 110 रन बनाये। जबाब में खेलने उतरी रंगिया की टीम 205 रन पर ऑल आउट हो गयी। आयोजन में सिंगर छोटू राजा, रणजीत यादव, उपेंद्र यादव, उमेश यादव,बैजू यादव, हरेंद्र यादव आदि ने अहम भूमिका निभाई।

# सावित्री बाई फूले के विचारों को आगे बढ़ाने की जरूरतः खुशबू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वूमेंस एसोसिएशन और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा सावित्री बाई फुले का जन्मदिन पाटन प्रखंड के ग्राम गहर पथरा में मनाया गया। मौके पर मुख्य वक्ता पांकी मध्य जिला परिषद सदस्य सह ऐपवा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य खुशबू कुमारी ने सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज उनके विचार को आगे लाने की जरूरत है। वर्तमान समय में संघी और सामंतियों द्वारा हमारे इतिहास को दबाया जा रहा है। हमारे पुरखों की विरासत को खत्म करने की साजिश की जा रही है। संघ की सरकार आज पूरे देश में संविधान को खत्म कर पुनः मनुस्मृति लाने की फिराक में है। सावित्री बाई फुले महिला मुक्ति की क्रांतिज्योति थीं। आइसा के राज्य उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि फुले कोई व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार का नाम है। आज अपने इतिहास को जिंदा रखने की जरूरत है। संघ के लोग पाठ्यक्रम से हमारे इतिहास को हटा कर अवतार के बारे जानकारी दे रहे हैं। आइसा के राज्य परिषद सदस्य अभय सिंह दांगी और जिला उपाध्यक्ष ममता कुमारी के नेतृत्व में मोदी सरकार के दस साल, यंग इंडिया के दस सवाल चार्टर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मौके पर जासिम अंसारी,आरती कुमारी, अनिता देवी, उर्मिला देवी, रामलाल राम, बलराम राम, लक्ष्मी, प्रियंका, लक्की, सोनू, विकास, अक्षय समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर टूटा

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन से सटे आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर बुधवार को अचानक टूट गया। रेलवे की ओर से मैन्युअली वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्लाइडिंग बैरिकेडिंग के जरिए कार्य किया जा रहा है। साथ ही बैरियर की मरम्मत भी शुरू कर दी गयी है। बताया जाता है कि आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग का एक बैरियर बुधवार दोपहर करीब 3.30 बजे अचानक टूट कर टेढ़ा हो गया। इससे कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। तत्काल हरकत में आये रेलकर्मियों ने वहां पर मैन्युअल बैरिकेडिंग कर ट्रेनों को पार कराया। यातायात निरीक्षक अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि अचानक बैरियर टूट गया। इससे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। रेल कर्मी पूरे तन्मयता से मौके पर मुस्तैद हैं। जल्द ही वहां स्थिति सामान्य कर ली जायेगी।

### फेडरेशन के आदेश के बाद ही हड़ताल खत्म करने पर अड़े डीलर

# एमओ की डीलरों संग बैठक, हड़ताल खत्म करने का आह्वान



डीलरों के साथ बैठक करते एमओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** समय पर कार्डधारकों को राशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रभारी एमओ मनोज कुमार ने पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक कर हड़ताल को समाप्त करने की अपील की। दूसरी तरफ डीलरों ने लंबित मांगों को लेकर ऑल इंडिया फेयर प्राईस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर चल रहे देश व्यापी हड़ताल को फेडरेशन के आदेश के बाद ही समाप्त करने की बात कही है। डीलर संघ के अनुमंडलीय अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने प्रमुख मांगों के बाबत कहा कि पूर्व का बकाया कमीशन भुगतान करने, कमीशन की राशि तीन रुपये प्रति किलो करने, मानदेय 50 हजार रुपये सुनिश्चित करने के साथ ही अविलंब पॉश मशीन को 3 जी से 4 जी किया जाये। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया जाता है, तब तक हमलोग हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान जन वितरण प्रणाली की सभी दुकानें पूर्ववत बंद रहेंगी। इस बैठक में डीलर संघ के हुसैनाबाद अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह,सचिव उदय यादव, जमील अहमद, उमेश पासी, चन्द्रमोहन प्रसाद,विमलेश कश्यप, मिथिलेश राम, सूर्यनाथ राम, अजीत चौधरी,प्रवीण चौधरी, अरुण सिंह,संजय सिंह, गोपाल शरण सिंह, रजनीश मौजूद थे।

### एमओ-डीलर की बैठक बेनतीजा



एमओ- डीलर की बैठक

**हरिहरगंज।** प्रखंड सभागर में बुधवार को प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने हरिहरगंज प्रखंड इकाई पीडीएस डीलर संघ के साथ बैठक की। इस दौरान एमओ ने डीलरों के समक्ष दो शर्तें रखीं। या तो सभी पीडीएस दुकानदार हड़ताल समाप्त कर राशन वितरण शुरू करें। अन्यथा चार माह के अवशेष खाद्यान के साथ ई-पॉश मशीन जमा करें। वहीं डीलरों ने बकाया कमीशन के साथ अन्य मांगों को रखा। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन संघ के वरीय अधिकारियों के आह्वान पर शुरू की गयी हड़ताल संघ के निर्देश पर ही समाप्त होगी। फिलहाल सरकार के मुख्य सचिव से वार्ता चल रही है। बैठक में फेयर प्राइस डीलर संघ के सचिव अवधेश राम, कोषाध्यक्ष कामता शर्मा, धर्मेन्द्र पटेल, बीनू कुमार, पप्पू गुप्ता, अनिल सिंह, इंद्रदेव राम, कपेश्वर सिंह, ललन यादव, रामजी प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद मेहता शामिल थे।

### अंतिम पड़ाव पर कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट, दर्शकों का उमड़ रहा हुजूम

# बैरांव को हराकर बभंडी फाइनल में

**मध्यांतर के बाद बभंडी ने आक्रामक खेल खेलते हुए गोल कर मुकाबले को और रोमांचक बना दिया**



दोनों टीमों के खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल बुधवार को बैरांव बनाम बभंडी के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच फाइनल में पहुंचने के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिली। मध्यांतर तक बैरांव ने 1-0 की बढ़त बनाए रखा था। लेकिन मध्यांतर के बाद बभंडी ने आक्रामक खेल खेलते हुए गोल कर मुकाबले को और रोमांचक बना दिया। उसके बाद दोनों टीमों ने कई प्रयास किये, परन्तु कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। अंततः फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें बभंडी ने बैरांव को 3-1 से हराकर विजय हासिल कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। चार जनवरी को टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल खेला जायेगा। जिसमें विजयी टीम सात जनवरी को खिताबी मुकाबले में बभंडी का सामना करेगी। मैच से पूर्व क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह,छोटू पाल, बद्रीनारायण सिंह, रविरंजन सिंह व धीरेन्द्र कुमार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर क्लब के ओमप्रकाश कुमार, संतोष सिंह, लालधन ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम, पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, जयकुश सिंह, विनय सिंह, सुभाष कुमार, वीर बहादुर सिंह, इसरार अहमद, धीरेंद्र सिंह, तक्की हुसैन रिजवी, सगीर अहमद टूनार्मेंट के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को पतरिया और सड़ेया की टीमें एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

# मुआवजे के लिये आज प्रदर्शन करेंगे पोखराहा के रैयत



समाहरणालय पहुंचे रैयत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पोखराहा खुर्द के रैयत नेशनल हाइवे-75 बाइपास में जमीन देकर मुआवजा के लिए एक माह से भू-अर्जन कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। इससे उनमें आक्रोश बढ़ गया है। बुधवार को बड़ी संख्या में लोग भू-अर्जन कार्यालय मुआवजा भुगतान के लिए पहुंचे। रैयत कुशवाहा रानो देवी, विश्वनाथ मांझी, शिवपूजन पासवान, निरंजन मांझी, नरेश मांझी, गणेश, राजदेव, नारद, सुरेश, निर्मला टोप्पो आदि ने आरोप लगाया कि पिछले 5 दिसंबर को एलपीसी बनाकर अंचल और भू-अर्जन कार्यालय को अन्य कागजात के साथ जमा किये हैं। इसके बावजूद मुआवजा भुगतान को लेकर सारे रैयतों को एक माह से कार्यालय का चक्कर लगवाया जा रहा है। अपनी जमीन देकर कड़ाके की ठंड में वे मुआवजे के लिये जहां दौड़ रहे हैं। वहीं अधिकारी सुविधायुक्त कमरे में बैठकर लगातार टालमटोल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब पानी सिर के ऊपर बह रहा है। वे गुरुवार को मुआवजा भुगतान की मांग को लेकर समाहरणालय में प्रदर्शन करेंगे।

### कबरा कला सोन नदी से बालू उठाव शुरू

**हुसैनाबाद।** प्रशासनिक निर्देश के तहत हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत अंर्तगत कबरा कला गांव के समीप सोन नदी से पंचायत प्रतिनिधियों की देखरेख में बालू का उठाव शुरू कर दिया गया है। मुखिया कमल कुमार पासवान व पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने बताया कि बीडीओ शुभम बेला टोपनो के दिशा-निर्देश पर आमजनों को न्यूनतम दर पर बालू मुहैया कराने का काम किया जा रहा है। वाहन भाड़ा के अलावे निर्धारित प्रति ट्रैक्टर 100 रुपये का चालान भी ढुलाई कार्य में जुटे वाहन संचालक को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के किसी भी पंचायत में संचालित सरकारी योजनाओं का कार्य बालू के अभाव में नहीं रुकेगा। उन्होंने संबधित पंचायत प्रतिनिधियों व आम जरुरतमंदों को भी सीधे उनसे संपर्क करने को कहा है। जिससे इस कार्य में लगे वाहन बीच रास्ते में बालू की कालाबाजारी नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन के तय बालू घाट से बालू का उठाव किया जा रहा है।

# पांच जनवरी से फिर शुरू होगा सेविका-सहायिका का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के बाल विकास परियोजना अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका-सहायिका का चयन अब पांच जनवरी से एक बार फिर प्रारंभ होगा। जिले के विभिन्न 14 बाल विकास परियोजना के अंतर्गत 68 आंगनबाड़ी केंद्रों के 73 सेविका-सहायिकाओं के रिक्त पदों पर एक बार फिर ग्रामसभा के माध्यम से चयन किया जाएगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने इस संबंध में सभी संबंधित परियोजना के सीडीपीओ को पत्र लिखकर चयन की तिथि का निर्धारण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि गत 22 नवंबर से सेविका-सहायिका के लगभग 173 रिक्त पदों पर चयन हेतु ग्रामसभा आयोजित की गई थी,किन्तु कई केन्द्रों पर ग्रामसभा में पोषक बहुल क्षेत्र और सर्वेक्षण विवाद के कारण चयन कार्य नहीं हो पाया था। अब नए साल में एक बार फिर चयन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। गौरतलब है कि गत 22 नवंबर से जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर चयनित सेविका-सहायिका को औपबंधिक चयन पत्र दिया गया था,उन्हें भी अबतक उपविकास आयुक्त द्वारा अनुमोदित अंतिम चयन पत्र एक माह बाद भी नहीं दिया गया है।

### वनभोज सह मिलन समारोह आठ को, तैयारी जोरों पर

**सतबरवा।** आगामी आठ जनवरी को मुरमा मलय डैम के किनारे डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया के तत्वावधान में आयोजित वनभोज कार्यक्रम को लेकर बुधवार को विजय पाठक की अध्यक्षता में बैठक की गयी। श्री पाठक ने कहा कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आठ जनवरी को विधायक के नेतृत्व में वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित किया गया है। विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि इस क्षेत्र के नेता गरीबों के मसीहा स्व. अनिल कुमार चौरसिया के समय से ही प्रतिवर्ष दिसंबर-जनवरी महीने में कार्यकर्ताओं के बीच वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। उ। श्री राणा ने बताया कि इस कार्यक्रम में भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी सहित भाजपा के जिला व केंद्र के नेता भी मौजूद रहेंगे।

### डीलर संघ ने किया वनभोज का आयोजन

**पाटन।** डीलर संघ द्वारा कुंदरी जंगल में वनभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान डीलरों ने बैठक कर राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने पर बल दिया। डीलरों ने एक स्वर में कहा कि सरकार जब तक हमारी मांगों को नहीं मानती है हड़ताल जारी रहेगा। मालूम हो कि लंबित मांगों को लेकर एक जनवरी से पूरे भारत के पीडीएस डीलर हड़ताल पर चले गये हैं। मौके पर अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रीतम कुमार, धनंजय पाण्डेय, विभूति उपाध्याय, सविंदर उपाध्याय, संजय सिंह, नवल राम, दीनानाथ सिंह, शारदा सिंह, प्रेम कुमार आदि उपस्थित थे।

### वनभोज में शिक्षकों ने किया शैक्षणिक परिचर्चा

**हरिहरगंज।** प्रखंड के पिरोजी गांव स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में बुधवार की शाम शिक्षकों का वनभोज सह शैक्षणिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षकों ने जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संबंध में विमर्श किया। वहीं वनभोज में विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक नीरज पाठक, एजेपीटीए सचिव संतोष राय, एसएमसी अध्यक्ष गुप्ता साव, संजय शर्मा, देववंश प्रसाद, प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता, प्रणव कुमार, नरेंद्र पांडेय, अजय, कुणाल, संतोष सिंह, प्रधानाध्यापक उमाकान्त राम आदि मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित विषयों पर बुधवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, वूलनेरेबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी एन्ड पोल डे अरेंजमेंट, पोलिंग स्टेशन, इलेक्ट्रोल रोल ईआरओ-नेट, स्वीप,आईटी एप्लीकेशन विषय पर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डीएलएमटी के रूप में उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, भूमि सुधार उप समाहर्ता विजय केरकेट्टा, कार्यपालक दंडाधिकारी रश्मि रंजन, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान आदि उपस्थित थे।

### शीतलहर का सितम जारी, लोग बेहाल

**मेदिनीनगर।** पलामू में शीतलहर का सितम जारी है। दिनभर छाये कोहरे व सर्द हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। पूरे प्रमंडल में एक सप्ताह से नागरिक भगवान भास्कर के दर्शन को तरस रहे हैं। यदि गाहे-बगाहे सूर्यदेव झलक दिखला भी रहे हैं तो कोहरे की ओट से टिमटिमाते हुये प्रतीत हो रहे हैं। पहाड़ों की मानिंद बह रही बर्फीली हवा ने उनके तेज को पूरी तरह निस्तेज कर दिया है। प्रतिकूल मौसम के कारण मार्निंग व इवनिंग वाक पर निकलने वालों की संख्या भी काफी कम हो गयी है। पशु-पक्षी भी ठंड की से बचने की जुगत में आश्रय की तलाश करते नजर आ रहे हैं। मौसम के मिजाज को देखते हुये अभी जिले में ठंड का प्रकोप जारी रहने का अंदेशा जताया जा रहा है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– **RDD/SD/LOHARDAGA/E-16/2023-24(3rd Call)**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखण्ड मुख्यालय से अरू सिमाना जाने वाले पथ में फुलझर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | **3,49,35,400.00** | **6,98,800.00** | **10,000.00** | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.01.2024 से दिनांक 13.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.01.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 9430377526
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.314975 Lohardaga(23-24):D



## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 21 वर्ष 2023–24

D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 11.01.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 12.01.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 12.01.2024 को 03:30 बजे अपराह्न, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत डुमारो में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय निन्द्रा में चाहरदिवारी निर्माण। | 20,29,800.00 | 41000.00 | 5000.00 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो संबंधित प्रखण्ड से है वही भाग ले सकते है।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है वैसे संवेदक को B.O.Q नही दिया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 315015 (Rural Development) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गढ़वा

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :– 29/01/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 30/01/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 30/01/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | **कार्य का विवरणः–** | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Block Public Health Unit at Meral, Garhwa, Jharkhand. | ₹ 49,75,000/- | ₹ 99,500/- | ₹ 5,000/- | 06 माह |
| 2 | Proposed Construction of Block Public Health Unit at Bhandaria, Garhwa, Jharkhand. | ₹ 49,75,000/- | ₹ 99,500/- | ₹ 5,000/- | 06 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**नोटः**–Updated Character PAN, GST Return File Latest, पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 314991 Building(23-24).D



## ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–14/2023-24/EE/BCD/GARHWA — दिनांक–03.01.2024

1.कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्रम | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Construction of 1st Floor in Shree Krishna Sub -Divisional Library at Garhwa. | ₹ 73,30,477.00 |
| 2 | Repair and Renovation of Alpsankhya Boy's Hostel at Garhwa Jharkhand. | ₹ 55,97,160.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :–क्र0 सं0 01 के लिए 04 (चार) माह एवं क्र0सं0 02 के लिए 02 (दो) माह कार्य पूर्ण करने की अवधि है।
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.01.2024 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 27.01.2024 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,एवं पता :– भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 27.01.2024 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अचंल सं0–02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक– 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 314994 Building(23-24)D

## एक नजर

### नावा बाजार में एकता कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद मार्केट डाक बंगला मैदान पर आजाद क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में एकता कप केस्को बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने फीता काटकर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेलकूद टीम भावना के विकास में सहायक होते हैं। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्होंने सभी को खेलभावना के साथ प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया। राजद के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू ने कहा कि क्षेत्र में खिलाड़ियों की कमी है। आवश्यकता है उन्हें बेहतर मंच मिलने की। 16 -16 ओवरों के टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में दर्शकों को गमेधा पाटन व कमता विश्रामपुर के मध्य रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन मीर आरिज आलम ने किया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहमद राइन, प्रमुख विद्या देवी, उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, परवेज अख्तर, भाजपा नेता जमालुद्दीन खान, पूर्व जिला परिषद सदस्य अनूज राम मौजूद रहे। इससे पूर्व अध्यक्ष उस्मान खान अंसारी के नेतृत्व में माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया गया।

### हिट एंड रन कानून पर पुनर्विचार करे केंद्र

**मेदिनीनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्मित हिट एंड रन कानून पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि कोई भी ड्राइवर जान बूझकर एक्सीडेंट नहीं करता है। श्री पांडेय ने कहा कि वर्तमान में सभी लोग किसी न किसी रूप में वाहन ड्राइव करते हैं। देश का कोई मंत्री, सांसद, विधायक, लेखक, पत्रकार, डॉक्टर, वकील, पुलिस अधिकारी,सेनाधिकारी, सेना, पुलिस बल व साधु संत सभी लोग कोई न कोई मोटर वाहन का परिचालन अवश्य करते हैं। कमर्शियल ड्राइवर भी कभी जान बूझकर कोई दुर्घटना नहीं करते हैं। ऐसे में इस कठोर कानून में बदलाव लाना व्यापक जनहित में होगा।

---

मोर्चा के पदाधिकारियों संग प्रशासनिक टीम ने लिया जायजा, रही सरगर्मी

# प्रतिमा स्थापना के लिये चयनित स्थल का निरीक्षण

**अंचल पदाधिकारी द्वारा इसकी रिपोर्ट तैयार कर जिला उपायुक्त के पास भेजी जाएगी**

**स्थल चयन पर मुहर लगते ही शिलान्यास कर धरने का समापन किया जायेगा : मोर्चा**


स्थल निरीक्षण करती टीम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महाराजा मेदिनीराय व शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापना हेतु अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा गठित टीम ने बुधवार को संविधान बचाओ मोर्चा के घटक दल के सदस्यों के साथ चयनित स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें जिला परिषद कार्यालय के सामने धरना स्थल पर महान महाराज मेदिनीराय की प्रतिमा स्थापित करने हेतु स्थल का चयन किया गया। जबकि शहीद नीलांबर-पीतांबर प्रतिमा स्थापना हेतु पेंशनर समाज भवन के निकट चबूतरे के पास जगह का चयन किया गया। मेदिनीनगर अंचल पदाधिकारी अमरदीप सिंह बलहोत्रा व शहर थाना प्रभारी अभय सिन्हा की उपस्थिति में टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। अंचल पदाधिकारी द्वारा इसकी रिपोर्ट तैयार कर जिला उपायुक्त के पास भेजी जाएगी। मौके पर सामाजिक न्याय परिषद के डॉ. रवि पाल, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह चेरो, उपाध्यक्ष सुनील उरांव केंद्रीय सचिव अजय सिंह चेरो, सुरेंद्र सिंह चेरो,भीम आर्मी के अनुराग भारती, यशवंत कुमार, फूल झारखंड क्रांति दल के अध्यक्ष चंद्रधन महतो, मूल निवासी संघ के विनय पाल, पिछड़ा वर्ग महासभा के दिलकेश्वर राम, कुशवाहा जन संग्राम मोर्चा के बृजनंदन महतो, अशोक पाल, तपेश्वर सिंह खरवार उपस्थित रहे। संविधान बचाओ मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि स्थल चयन पर मुहर लगते ही शिलान्यास कर धरने का समापन किया जायेगा।

---

संवेदक को 10 दिनों में जमा करनी होगी प्रतिभूति की राशि

# 5.30 लाख में 30 हजार घनफुट बालू की नीलामी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में बुधवार को अवैध खनन कर भंडारित किए गये जब्त 30 हजार घनफुट बालू की नीलामी जिले के उपविकास आयुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता हुई। 5 लाख 30 हजार रुपये में 30 हजार घनफुट बालू की नीलामी हुई। नीलामी के दौरान 15-15 हजार घनफुट के लिए अलग-अलग की बोली लगाई गई। इस नीलामी में कई संवेदकों ने भाग लिया। जिसमें अंबिका दुबे द्वारा 2 लाख 30 हजार एवं स्वर्णिम कंस्ट्रक्शन द्वारा 3 लाख की अधिकतम बोली लगाकर 15-15 हजार घनफुट बालू खरीदी गई। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी पूरी प्रक्रिया के तहत की गयी है। उन्होंने कहा कि संवेदक को नीलामी की राशि दस दिनों के अंदर विभाग मे जमा करवाना होगा। मौके पर उपायुक्त द्वारा गठित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

---

# बेरोजगार मोर्चा ने जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा द्वारा प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी व झारखंड आंदोलनकारी जयपाल सिंह मुंडा की 121वीं जयंती धूमधाम से मनायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। सर्वप्रथम उनके चित्र पर फूल माला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा झारखंड आंदोलन के अग्रगण्य नेता थे। वे अलग राज्य के लिये आवाज बुलंद करने वाले पहले नेता थे। उनका कार्यकाल भारतीय हॉकी के लिए स्वर्णीम युग था। उन्हीं के नेतृत्व में भारत को एमर्स्टडम ओलंपिक में भारत को 1928 में स्वर्ण पदक मिला था। उन्होंने संविधान सभा में आदिवासियों के हक अधिकार के लिए आवाज बुलंद की थी। उन्होंने ही सबसे पहले अलग झारखंड राज्य की परिकल्पना की थी। इस अवसर पर संजीत कुमार, यशवंत कुमार, विनय कुमार, हरीश कुमार, कृष्णा राम, उपेंद्र तिवारी,अनुज पासवान, राजू राम, उमेश पासवान उपस्थित थे।

---

श्रीराम जन्मभूमि से आये पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का वितरण जोरों पर

# आमंत्रण पत्र वितरण को लेकर उत्सव का माहौल


आमंत्रण पत्र देते विहिप के पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आमंत्रण पत्र वितरण को लेकर जिले में उत्सव का माहौल है। परम पावन अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत व श्रीराम जन्म भूमि स्थल पर नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण पत्र पाने के लिये श्रद्धालुओं में भारी उत्साह व्याप्त है। विश्व हिंदू परिषद की टोली शहरों से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों में भी घर-घर जाकर नागरिकों को पूजित अक्षत सह आमंत्रण पत्र प्रदान कर रही है। भारी उत्साह के साथ श्रद्धालु आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर रहे हैं। विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि 15 जनवरी तक घर-घर जाकर लोगों को पूजित अक्षत सह आमंत्रण पत्र प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक प्रखंड में इस कार्य के लिये पंचायतवार कार्यकर्ताओं की टोली का गठन किया गया है। जपला नगर के योगीवीर बस्ती के पटेल नगर में लोगों ने बैड बाजे के साथ आमंत्रण पत्र देने आये कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण की 500 वर्ष पुरानी अभिलाषा पूर्ण होने से पलामू में उल्लास का वातावरण देखा जा रहा है।

---

### चुनाव विवाद समाधान के लिये बैठक छह को

**मेदिनीनगर।** स्टेट बार काउंसिल के निर्देशानुसार जिला बार चुनाव समिति द्वारा छह जनवरी को वरिष्ठ अधिवक्ताओं व उम्मीदवारों के बैठक कर चुनाव विवाद के समाधान की कवायद की जायेगी। बार एसोसिएशन चुनाव समिति के रिटर्निंग आफिसर बैद्यनाथ चौबे ने बताया कि शनिवार को दोपहर एक बजे से जिला बार के 50 वरिष्ठ अधिवक्ताओं व सभी 50 उम्मीदवारों के साथ बैठक की जायेगी। इस दौरान चुनाव को लेकर उपजे विवाद को बातचीत के माध्यम से दूर करने की कोशिश की जायेगी। बताते चलें कि पलामू जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव सहित 16 पदों के लिये पिछले 16 दिसंबर को मतदान हुआ था। 17 दिसंबर को मतगणना के दौरान कतिपय उम्मीदवारों की आपत्ति के बाद मतगणना रोक दिया गया था। मामला स्टेट बार काउंसिल के यहां पहुंचने पर काउंसिल के सचिव द्वारा पत्र लिखकर स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित कर विवाद का पटाक्षेप करने की बात कही गयी है। जिसके आलोक में उक्त बैठक आयोजित की जा रही है। पलामू सहित पूरे झारखंड में चर्चा का केंद्र बन चुके डीबाए चुनाव विवाद के समाधान के लिये हो रही बैठक पर सभी की नजरें टिकी हैं। बहरहाल कचहरी परिसर में इन दिनों चुनाव की चर्चा जोरों पर है। चुनाव समिति के पदाधिकारी बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ताओं व उम्मीदवारों को सूचना देने में जुटे रहें।

---

उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन , उमड़े लोग,की फरियाद

# माड़ से जलकर मृत बच्चियों के पिता ने लगाई गुहार

**परमेश्वरी साव की दो पुत्रियों की मौत मध्याह्न भोजन के माड़ में झुलस जाने से हो गयी थी**


लोगों की फरियाद सुनते डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आई समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम महीपूरी निवासी परमेश्वरी साव ने उपायुक्त से अपने मृत दो पुत्रियों के एवज में सरकार द्वारा जारी की गयी मुआवजा राशि भुगतान कराने की मांग की। बताते चलें कि परमेश्वरी साव की दो पुत्रियों की मौत मध्याह्न भोजन के माड़ में झुलस जाने से हो गयी थी। इसी तरह नीलाम्बर-पिताम्बरपुर अंचल क्षेत्र के ग्राम हरतुआ निवासी रविन्द्र कुमार गिरी ने उपायुक्त से बज्रपात से गाय की मृत्यु हो जाने के एवज में मुआवजा राशि देने की गुहार लगायी। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र की कौशल्या देवी और चैनपुर थाना क्षेत्र के रामप्रवेश सोनी ने उपायुक्त से वृद्धा पेंशन देने की गुहार लगायी। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

---

# वर्षों से लिफ्ट खराब होने से छात्र-छात्राओं को परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और इसके छात्रावास में लगा लिफ्ट वर्षों से खराब होने के कारण विशेषकर छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि एमएमसीएच में छात्र व छात्राओं के लिये आठ-आठ तल्ले के दो छात्रावास हैं। दोनों में ही सुविधा के लिये लिफ्ट लगाये गये हैं, किंतु छात्रा छात्रावास का लिफ्ट दो वर्षों से खराब पड़ा है। इससे छात्राओं को सीढ़ी से ऊपर के तल्ले में स्थित अपने कमरे में जाना पड़ता है। पिछले छह महीने से छात्रों के छात्रावास में लगा लिफ्ट भी खराब हो गया है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि दिनभर में उन्हें कम से कम तीन बार नीचे अवश्य उतरना पड़ता है। ऐसे में लिफ्ट खराब होने के कारण उनकी पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। छात्रों ने कालेज प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। इस संबंध में कालेज के एक कर्मचारी ने बताया कि लिफ्ट के अनुरक्षण के लिये संबंधित विभाग को कई बार पत्र लिखा गया है, किंतु कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या यथावत बनी हुई है।

---

### कर्मचारी महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन रांची में छह से

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ त्रिपाठी गुट रांची का छठवां प्रांतीय अधिवेशन पुराना विधान सभा सभागार सेक्टर-2 में छह दिसंबर से आयोजित किया जायेगा। महासंघ के महासिचव राजाराम सिंह ने बताया कि प्रातः 11 बजे से आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड के आदिवासी कल्याण व परिवहन मंत्री चंपई सोरेन व पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर करेंगे। अधिवेशन में बतौर मुख्य वक्ता महासंघ के मुख्य संरक्षक धर्मराज त्रिपाठी मौजूद रहेंगे। इस दौरान संवर्ग की विभिन्न समस्याओं व संगठन की उपलब्धियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जायेगा। संगठन द्वारा कार्यक्रम की भव्य तैयारी की जा रही है।

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी करेंगे उद्घाटन, तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

# स्व. अनिल चौरसिया स्मृति राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट कल से


बैठक करते विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दिनकर स्पोर्टिंस क्लब लोकेया के तत्वावधान में डालटनगंज-भंडरिया के विधायक आलोक चौरसिया के पिता स्व. अनिल चौरसिया स्मृति राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का 5 जनवरी से भव्य आगाज किया जायेगा। इसका शुभारंभ झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी करेंगे। चैनपुर प्रखंड के लोकेया गांव अंतर्गत खेल मैदान में तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे विधायक आलोक चौरसिया ने बताया कि इस मैदान से उनके पिता स्व. अनिल चौरसिया का गहरा लगाव था। वे इस मैदान पर सदैव जिला व राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन करते रहते थे। इसलिये उनके विरासत को बनाए रखने के लिए प्रत्येक वर्ष उनकी स्मृति में राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। टूर्नामेंट का समापन 11 जनवरी को किया जायेगा।

**बिहार, यूपी व छत्तीसगढ़ की टीमें करेंगी शिरकत :** विधायक ने बताया कि टूनामेंट में बिहार इलेवन, छत्तीसगढ़ इलेवन,भंडारिया, बक्सर बिहार,पलामू, सोनभद यूपी, कोलकाता प. बंगाल एवं मुगलसराय यूपी की टीमें शिरकत करेंगी। उद्घाटन मुकाबला बिहार एवं छत्तीसगढ़ के बीच खेला जायेगा। नौ व 10 जनवरी को सेमीफाइनल तथा 11 जनवरी को फाइनल मैच खेला जायेगा।

**इनकी रहेगी उपस्थिति :** टूर्नामेंट के दौरान पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,नगर-भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही,पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज भुईयां, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, जिला परिषद रामलाल चौरसिया, पूर्व जिला परिषद विकास चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया ,उपप्रमुख सुनील सिंह, भीष्म चौरसिया, अशेष चौरसिया, जयकुमार दुबे, राघवेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहेंगे।

---

# जन कल्याण ट्रस्ट ने बांटे जरूरतमंदो को कंबल


कंबल बांटते मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में पलामू जिला गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय के प्रांगण में बुधवार को 70 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैनपुर प्रखंड के जिला पार्षद रामलव चौरसिया, चैनपुर प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष संतोष दुबे उर्फ पप्लू दुबे,कंपनी कमांडर अनुज झा, कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा,समाजसेवी विवेक दुबे एवं भीष्म चौरसिया आदि थे। मौके पर जिला पार्षद ने कहा कि जनकल्याण ट्रस्ट का यह कार्यक्रम समाज के लिए प्रेरणादायक है। मुखिया संतोष दुबे ने कहा कि जनकल्याण ट्रस्ट निरंतर अच्छा कार्य करते आ रहा है और जगह-जगह पर मेडिकल कैंप लगाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। कंपनी कमांडर अनुज झा ने कहा कि कड़ाके की ठंड में कंबल मिलने से गरीबों को काफी राहत मिलेगी। ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि जनकल्याण ट्रस्ट निरंतर समाज के हित के कार्य के लिए समर्पित है। वृहस्पतिवार को ट्रस्ट के द्वारा पथरा पंचायत में कंबल वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि ट्रस्ट समाज हित की भावना से कार्य के लिए संकल्पित है। मौके पर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य अखिलेश पाठक,संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी,केंद्रीय सदस्य संतोष दुबे इत्यादि लोग उपस्थित थे।

---

बैठक कर मेला आयोजन समिति का किया गया गठन

# महावीर मोड़ पर 14 जनवरी का मेला होगा ऐतिहासिक: अनूप


बैठक में भाग लेते नागरिक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज प्रखंड के महावीर मोड़ पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी को मंकर संक्रांति के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर बुधवार को शिव मंदिर निर्माण सह मेला आयोजन समिति की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता सोकेस मिश्रा व संचालन सुरेंद्र उरांव ने किया। बैठक में मेला आयोजन समिति का गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष समाजसेवी अनूप कुमार जायसवाल, सचिव नागेन्द्र कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार जायसवाल एवं पप्पू कुमार गुप्ता को बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मेला का उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक सह समाज सेवी देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह होंगे। मेला 10बजे सुबह से शुरू हो जायेगा। नव नियुक्त अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि इस बार का मेला ऐतिहासिक होगा। इसके लिए समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों को जोरशोर से लग जाना होगा। इस बार मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें सुपरस्टार गायक आर्यन बाबू और गायिका ज्योति माही के बीच शानदार मुकाबला होगा। इसके अलावा कोलकाता से डांसर को भी बुलाया जायेगा। बैठक मे अनुज कुमार, गंगा सिंह, सत्येंद्र सिंह, किस्मत सिंह, राजन अंसारी, सीताराम मिश्रा आदि मौजूद थे।

---

**मकर संक्रांति** | तरह-तरह के डिजाइनदार तिलकुट लोगों को कर रहे आकर्षित

# तिलकुट की सौंधी खुशबू से महक रहा शहर का बाजार

**इस साल भी मकर संक्रांति को लेकर लाखों रुपए के तिलकुट का व्यापार होने की उम्मीद है**

**ग्राहकों की मांगों के अनुरूप उसे पूरा करने के लिए तिलकुट दुकानदार भी जुटे हुए हैं**


बाजार में तिलकुट की सजी दुकान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में तिलकुट का बाजार पूरी तरह से सज कर तैयार हो चुका है। मकर संक्रांति को लेकर शहर में जगह-जगह तिलकुट की दुकानें खुल गई हैं। शहर में छह मुहान,पंच मुहान,मेन बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर कारीगर तिलकुट बनाने में जुट गये हैं। तिलकूट की सौंधी सुगंध से बाजार महकने लगा है। तिलकुट की मिठास के दीवाने अभी से ही तिलकुट की खरीदारी में जुट गए हैं। बताया जाता है कि बाजार में ज्यादातर तिलकुट की दुकानें बिहार के कारीगरों द्वारा खोली गई हैं। गुड़, चीनी और खोवा के अलावा तिल रोल, पपड़ी, गजट आदि के तिलकुट बाजार में छाये हुए हैं। इस साल भी मकर संक्रांति को लेकर लाखों रुपए के तिलकुट का व्यापार होने की उम्मीद है। बाजार में 200 रुपए से लेकर 600 रुपए प्रति किलोग्राम की दर का तिलकुट उपलब्ध है। जिसमें खोवा खास्ता, पापड़ी, गुल तिलकुट, चीनी तिलकुट आदि वेराइटी नजर आ रही है। तिलकुट तैयार करने के लिए कारीगरों की टीम दुकान में दिन-रात काम कर रही है। ग्राहकों की मांगों के अनुरूप उसे पूरा करने के लिए तिलकुट दुकानदार भी जुटे हुए हैं। दूसरी ओर पिछले साल के मुकाबले इस साल मूल्य में कोई खास अंतर नहीं आया है। विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष तिलकुट की दुकानें भी ज्यादा खुली हुई है। हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा 15 जनवरी को मनाये जाने वाले मकर संक्रांति की तैयारियां जिले भर में पूरी कर ली गई हैं। इस त्योहार को लेकर चूड़ा-गुड़ के दुकान भी सज गये हैं।

### तिल का भाव चढ़ने से महंगा होगा तिलकुट

बस स्टैंड स्थित तिकुट स्वीट्स भण्डार के नितिन कुमार ने बताया कि गया (बिहार) के कारीगरों से तिलकुट बनवाया जा रहा है। तिल के भाव में आये एकाएक वृद्धि के कारण इस वर्ष तिलकुट के भाव में तेजी आई है। मकर संक्रांति आने में अभी लगभग 10 दिन का समय बाकी है। जिस कदर हर खाद्य सामग्री के खुदरा मूल्य में वृद्धि हुई है। उससे तिलकुट निर्माण-व्यापार से जुड़े लोग चिंतित नजर आ रहे हैं। हालांकि दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को सस्ते व अच्छे तिलकुट उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर

### शोकाकुल मुखिया परिवार से मिले पांकी विधायक, शोक प्रकट



**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय के मयूरहंड मुखिया एवं विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह के दिवांग 107 वर्षीय पिता स्व. प्रसाद सिंह सातवीं में पांकी विधायक शशिभूषण प्रसाद मेहता शामिल हुवे। इस दौरान शोकाकुल मुखिया व विधायक प्रतिनिधि परिवार से मुलाकात कर शोक प्रकट किया और दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार को हिम्मत से काम लेने और हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होने कहा कि आज एक ऐसे महान आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने का मौका मिला जो इतनी उम्र में भी रामायण पाठ व राम नाम लिखा करते थे। ऐसे महान आत्मा को नमन है। मौके पर शिवसेवक प्रसाद सिंह, रामभरोस सिंह, दिवंगत के छोटे पुत्र रंधीर कुमार सिंह के अलावा दर्जनो लोग उपस्थित थे।

### डूमारो पंसस ने किया कंबल का वितरण



**चंदवा।** डूमारो पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी ने बुधवार को असहाय ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। पंसस संगीत कुमारी ने कहा कि हाड़ कंपा देने वाली ठंड में असहाय और बुजुर्गो को काफी परेशानी होती है। कंबल की जरूरत को देखते हुए इन्हें दिया गया है। मौके पर करण कुमार लोहरा,रामभजन सिंह, बसंत मिस्त्री, राजकुमार प्रजापति समेत कई लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक बुधवार को हुई। जिसमें सर्व प्रथम उपस्थित सभी कार्यकारी एजेंसी से योजनाओं के वर्तमान स्थित की बिंदुवार जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने वैसी तकनीकी योजनाएं जो किसी कारनवस लंबित है उसे संबंधित के साथ आपस में समन्वय स्थापित कर पूर्ण कराने, अनाबद्ध निधि मद, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, सीएसआर, विशेष केंद्रीय सहायता मद से संचालित सभी योजनाओं को भौतिक और वित्तीय रूप से जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला योजना पदाधिकारी को लगातार कार्य स्थल पर भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश देते हुए कहा तकनीकी कार्य में गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित समेत संबंधित पदाधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

### कार्यक्रम में विधायक हुए शामिल, लोगों को दी गई योजनाओं की जानकारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची पहरा पंचायत

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)**

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को गिद्धौर प्रखंड की पहरा पंचायत पहुंची, जहां पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास मौजूद थे। कार्यक्रम की उद्घाटन विधायक के साथ बीडीओ हरिनाथ महतो, उपप्रमुख प्रीतम यादव, मुखिया बेबी देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, संकल्प यात्रा के प्रभारी सुबोध कुमार सिंह, शिवकुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी व लखन दांगी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री का अभिभाषण एलईडी के माध्यम से सभी को दिखाया व सुनाया गया। साथ ही विधायक ने भारत को विकसित बनाने के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान केंद्र प्रायोजित योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।एमएलए ने कहा केंद्र सरकार पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर सिस्टम के माध्यम से किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करा रही है। जबकि महिलाओं के लिए उज्जवला योजना मिल का पत्थर साबित हुआ है। यहां तक की घर-घर शौचालय के निर्माण से गांव की बहू बेटियों की इज्जत बढ़ी है। 2024 के अंत तक घर-घर नल जल योजना को पूर्ण करने में सहयोग करने की अपील आम लोगों से की गई। कार्यक्रम के दौरान गणेश राणा के पुत्र अस्थि कुमार का मुंह जूठी किया गया। जबकि बिल्टू साव की पत्नी छठनी देवी की गोद भराई की गई। जबकि कई लाभुकों के बीच उज्जवला गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, किसान मोर्चा के सुनील कुमार राणा, पूर्व मुखिया महेंद्र राम, संजय यादव, सुनील कुमार पांडेय उपस्थित थे।

# हड़ताल से पीडीएस दुकानों पर ताला राशन कार्डधारियों की बढ़ेगी परेशानी

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**

विभिन्न मांगों को लेकर सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदार के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से मयूरहंड प्रखंड के सभी पीडीएस दुकान बुधवार को बंद रहे। मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल के कारण पीडीएस दुकानों पर ताला लटक जाने से प्रखंड क्षेत्र के कुल 11948 राशन कार्डधारियों की परेशानी बढ़ गई है। आगे भी आदि दुकानों में ताला लटका रहा तो गरीबों के घर चूल्हा जलना बंद हो जाएगा। ज्ञात हो कि अधिकतर गरीबों का भोजन सरकारी राशन से ही चलता है। ऐसे में हजारों परिवार अनाज प्राप्त करने से वंचित हो जायेंगे। प्रखंड में



लगभग पिएच राशन कार्ड की संख्या 8806, एएवाई राशन कार्ड की संख्या 1587 व ग्रीन राशन कार्ड की संख्या 1555 है। सभी डीलर अपने संघ के आह्वान पर केंद्र सरकार व राज्य सरकार से अपनी मांग को लेकर बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं।

# सीएचसी में डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत

### परिजनों का स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

जिले के इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान एक नवजात शिशु की मौत बुधवार को हो गई। वहीं परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। बताया गया कि मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत सलैया टाड निवासी बिरजू रविदास की पत्नी पूनम कुमारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी में प्रसव को लेकर भर्ती कराया गया था। प्रसव के दौरान महिला को कठनाई हो रही थी, तो परिजनों में मिथलेश रविदास दास ने स्वास्थ्य कर्मियों से कहा अगर आप लोग से प्रसव कार्य नहीं होगा तो रेफर कर दीजिए। परंतु स्वास्थ्य कर्मियों के मनमानी से नवजात शिशु की जान चली गई। परिजनों को रोते देख टोनाटाड मुखिया बद्री यादव ने भी स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार लगाई। इसकी सूचना थाने को मिली, तो एएसआई दसरथ घोष दल बल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच मामले की जानकारी ली और लोगों को शांति बनाए रखने की बात कही।



### दो दिन पूर्व लापता युवक का शव कुएं में उतराता मिला, मामला दर्ज

**टंडवा (चतरा)।** दो दिनों पूर्व सोमवार देर शाम को अपने गांव से लापता हुवे टंडवा थाना क्षेत्र के गोडवार निवासी 20 वर्षीय विनय उर्फ जागो भुईयां का शव बुधवार अहले सुबह कुवें में तैरता पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। वहीं संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। परिजनों द्वारा थाना को दिये आवेदन में हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की गई है। पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आलोक में कांड 02/2024 दर्ज कर घटना के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान किया जा रहा है।

# 'सड़क सुरक्षा नियम का पालन कराना ही उद्देश्य'

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन का सड़क सुरक्षा के प्रति अथक प्रयास रंग लाया है। बालूमाथ थाना क्षेत्र में बीते 15 दिनों से हो रही नियमित वाहन जांच अभियान से प्रखंड क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मृत्यु होना बिल्कुल कम हो गया है। पिछले कई वर्षों की अपेक्षा 1 जनवरी को सड़क दुर्घटना में दर्जनों घायल -मृत हो जाया करते थे। लेकिन 1 जनवरी 2024 को एक भी सड़क दुर्घटना में मौत थाना अनुमंडल क्षेत्र में नहीं हुई, जो प्रखंड में चर्चा का विषय



है। पुलिस दिन तो दिन रात में कड़ाके के ठंड में भी सड़क सुरक्षा को लेकर सड़क पर अभियानरत रहती है। पुलिस और परिवहन विभाग के अभियान से लोगों की जान की सुरक्षा हो रही है।1 और 2 जनवरी को बिना हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस के सैंकड़ों वाहन चालकों पर लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये की फाइन की गई। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने बताया कि सड़क सुरक्षा को देखते हुए आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। वहीं सुरेंद्र कुमार डीटीओ लातेहार ने बताया कि कुछ ऐसे लोग हैं जो जानबूझकर सड़क सुरक्षा नियम को तोड़ते हैं, जिसका खामियाजा वह खुद और आम लोग होते हैं। अंतिम व्यक्ति तक से सड़क सुरक्षा नियम का पालन कराना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर एस आई समीम खान, कासिमुद्दीन खान सशस्त्र बल के जवान एवं लातेहार परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### असामाजिक तत्वों ने स्कूल की बाउंड्री को किया क्षतिग्रस्त

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल में असामाजिक तत्व आए दिन एक से बढ़कर एक कारनामा करते रहते हैं।ताजा मामला यह है कि विद्यालय की बाउंड्री वॉल को लगभग 20 फीट तक तोड़ दिया गया है। प्रधानाध्यापक महोदय रूबी बानो ने विद्यालय के लेटर हेड पर थाने में आवेदन देकर अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल को विद्यालय मद से निर्माण कराया गया। प्रधानाध्यापक ने पुनः असामाजिक तत्वों द्वारा बाउंड्री वॉल को क्षतिग्रस्त करने की संभावना जताई है।

# जंगली हाथियों ने खलिहान में रखा 20 क्विंटल धान खाया, गेहूं की फसल रौंदी

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड की डाढ़ा पंचायत के डाढ़ा ग्राम में जंगली हाथियों ने बीते मंगलवार की मध्य रात्रि उत्पात मचा कर खलिहान में रखा लगभग बीस क्विंटल धान चट कर गया। आसपास खेत पर लगी गेहूं की फसल को रौंद दिया। जंगली हाथियों ने नावाटोला निवासी मजदूर किसान तिलक यादव के खलिहान मे बोरी में भर कर रखे लगभग बीस क्विंटल धान को खा लिया। वहीं लगभग ढाई एकड़ भूमि पर लगी गेहूं की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। तिलक यादव ने



बताया कि अपनी जमीन के अलावे गांव के ही राजेश्वर सिंह के खेत में फसल उगाता हूं। इस वर्ष धान की फसल अच्छी हुई थी। मंगलवार दिनभर धान को बोरियों मे भर कर रख दिया था। पीड़ित किसान ने संबंधित विभाग से समय नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। ज्ञात हो कि बालूमाथ, बारियातु व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र में बीते पांच वर्षों से हाथियों का उत्पात जारी है। मौसम में फसलों नष्ट कर दिया जाता है।

# बीडीओ ने पूछा-कौन थे एबी वाजपेयी, नहीं बता पाए बच्चे



**संतोष निराला। गिद्धौर (चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में कई खामियां उजागर हुई। बीडीओ ने बच्चों से कई सवाल जवाब किये, परंतु एक भी बच्चा सवाल का सही जवाब नहीं दे पाया। बीडीओ ने बच्चों से अटल बिहारी वाजपेयी के साथ-साथ कई सामान्य ज्ञान पर प्रश्न किये, परंतु बच्चे अटल बिहारी वाजपेयी कौन थे का भी जवाब नहीं दे पाए। जबकि विषयवार किए गए प्रश्नों का भी जवाब सही तरीके से नहीं दे पाए। वैसे में मौके पर बीडीओ ने शिक्षकों को बुलाकर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए, स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो अग्रेतर कार्रवाई के लिए उच्च पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा। बीडीओ ने कहा शिक्षक बच्चों को विषय के साथ सामान्य ज्ञान की पढ़ाई ईमानदारी पूर्वक कराएं, जबकि सरकार द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रम को भी संचालित करने का निर्देश दिया। स्थिति में सुधार नहीं होने पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी।

### नगर पंचायत ने दिया सड़क के किनारे से तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश



**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार ने सर्वसाधरण को सूचित करते हुए कहा है कि नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत अवस्थित सड़क एवं निकाय द्वारा निर्मित नाली के उपर अतिक्रमण करते हुए अपने-अपने दुकान का संचालन करने या सड़क पर अनाधिकृत रूप से ठेला खोमचा होडिंग बोर्ड एवं टेंपो लगाने वाले तीन दिनों के अंदर सड़क को खाली करना सूनिश्चित करें, अन्यथा जांच के क्रम में पकड़े जाने पर सड़क सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 की सुसंगत धाराओं के तहत दंड की राशि वसूल करते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही साथ नगर पंचायत ने माइकिंग द्वारा प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित किया है। सामाचार के माध्यम से सभी प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से खबरें प्रकाशित करने का आग्रह किया है।

### अबुआ आवास योजना को लेकर ग्रामसभा आज

**बारियातु।** उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड के कई गांवों में 4 जनवरी को ग्राम सभा का किया जायेगा। अमरवाडीह पंचायत के चेडरा, मनातू, रहेया, बालूभांग पंचायत के इंदुवा, जावाबार, करमाटांड, श्रीसमाध, फूलसु पंचायत के मतकोमा, मुक्की, फूलसु, साल्वे पंचायत के जबरा, रेंची, साल्वे, सिबला पंचायत के मकरा, राजगुरु, सिबला, टोटी पंचायत के टुंडाहाटू व टोटी में 4 जनवरी को ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा।


**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, (झारखण्ड सरकार)**
**आम आदमी (General Public) के लिए जल जाँच प्रयोगशाला**

| क्र0 सं0 | विशेषता | व्यक्तिगत लागत (रूपए में) | पैकेज लागत (रूपए में) |
|---|---|---|---|
| 1. | गंध (Odor) | 1 | 50 |
| 2. | रंग (Color) | 1 | |
| 3. | पी एच (pH) | 1 | |
| 4. | पूर्णतः घुले हुए ठोस पदार्थ (TDS) | 1 | |
| 5. | गंदगी (Turbidity) | 5 | |
| 6. | पूर्ण क्षारीयता (Total Alkalinity) | 20 | |
| 7. | पूर्ण कठोरता (Total Hardenss) | 20 | |
| 8. | अवशिष्ट क्लोरीन (Residual Chlorine) | 1 | |
| 9. | क्लोराइड (Chloride) | 50 | 50 |
| 10. | फ्लोराइड (Fluoride) | 50 | 50 |
| 11. | पूर्ण कोलिफार्म बैक्टीरिया (Total Coliform Bacteria) | 100 | 100 |
| 12. | ई कोलि या थर्मोटोलरेट कोलिफार्म बैक्टीरिया (E.coli or Thermotolerant Coliform Bacteria) | 100 | 100 |

जिला जल जाँच प्रयोगशाला में जाकर अपने जल गुणवत्ता का जाँच आज ही करवाएँ। अधिक जानकारी हेतु संबंधित लैब रसायनज्ञ (मो0नं0:– 7050563499) से संपर्क किया जा सकता है।
निवेदकः– पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार

PR 314965 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर।**
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम–सूचना**

नगरीय प्रशासन निदेशालय के पत्रांक 1578 दिनांक 12.10.2023 के आलोक में नगर परिषद बिश्रामपुर अंतर्गत DAY-NULM के SEP(Self Employment Program) घटक के तहत् कुल 100 ऋण लाभुकों को छः दिवसीय गैरआवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि 12.01.2024 को कार्यालय अवधि तक नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाईल नं0 के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

शर्तः–

1. एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि का पंजीकरण/Affiliation हो।
2- Entrepreneurship Development Training /Training इत्यादि का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3. अनुभव प्रमाण–पत्र/Training Certificate देय होगा।
4. एजेंसी/एन0जी0ओ0 के अधिनस्त कार्यरत Trainner को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. एजेंसी/एन0जी0ओ0 कोनगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए Class Room (हवादार एवंरौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
6. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
7. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चाटपेपर, स्केचपेन, डायरी/कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
8. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को एक बैच में सभी 100 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देना होगा।
9. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।
10. एजेंसी/एन0जी0ओ0 का PPT Presentation दिनांक 12.01.2024 को किया जायेगा एवं उसके उपरांत चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर।

PR 315039 (District) 23-24 (D)


**कार्यक्रम** झारखंड के प्रणेता जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाई गई

# 'आंदोलनकारियों को पेंशन व सुविधाएं दे सरकार'

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी सदस्यों द्वारा अलग झारखंड राज्य के प्रणेता एवं प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी स्व. जयपाल सिंह मुंडा की 120वीं जयंती मनाई गई। चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी के केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में आंदोलनकारी सदस्यों द्वारा ढोल नगाड़े के बीच जयपाल सिंह मुंडा की तस्वीर के साथ जुलूस निकाला गया, जो नगर भ्रमण करते हुए अंबेडकर चौक पर पहुंच कर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयपाल सिंह मुंडा अमर रहे आदि नारा लगाते हुए प्रखंड




कार्यालय परिसर पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो गया।

इसमें सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, झारखंड आंदोलनकारी के केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी, विक्टर केरकेट्टा आदि ने जयपाल सिंह मुंडा की तस्वीर पर बारी-बारी से माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा अलग झारखंड राज्य की मांग करने वाले आंदोलनकारी के साथ-साथ देश के महान हॉकी खिलाड़ी थे। आंदोलनकारी सदस्य अली हसन अंसारी ने कहा कि अलग झारखंड की मांग करने वाले आंदोलनकारी के नेतृत्व में ही अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ है, लेकिन आज भी झारखंड आंदोलनकारी सदस्य उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। अली हसन अंसारी ने सभी चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी को सम्मानजनक पेंशन, सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता देने समेत अन्य सरकारी सुविधा मुहैया कराने की मांग की। वरीय आंदोलनकारी विक्टर केरकेट्टा ने आंदोलनकारी को पेंशन व अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। कार्यक्रम को 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रेम कुमार सिंह, दीनानाथ राम ने भी संबोधित किया।

## एक नजर

### आदिम जनजाति परिवारों को योजनाओं की जानकारी दी गई

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड के बारडीह पंचायत के कुकरुंजा गाव में आदिम जनजाति परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनमन के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड, उज्वला योजना, जीवन ज्योति योजना, जल-नल योजना से लाभान्वित करने एवं अन्य योजना के बारे में जनकारी दी गई। साथ ही साथ आवेदन जमा कराया गया शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. शिशिर कुमार सिंह, अंचल के सी. आई जितेंद्र कुमार, आवास समन्वयक कमलेश बारला सहायक अभियंता सुमित खलखो, बी. टी. एम राजेंद्र तिर्की, उद्योग समन्वयक विमला कुमारी रोजगार सेवक रोशन लकड़ा, एस.बी.एम समन्वयक वीरेंद्र कुमार समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आज

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव की तैयारी से संबंधित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को गुरुवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण समाहरणालय सभाकक्ष में 11.30 बजे पूर्वाहन से दिया जाएगा। इसमें कार्मिक कोषांग, सामान्य प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, ईवीएम कोषांग, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी व आइटी कोषांग, स्वीप कोषांग, विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता-रूट चार्ट कोषांग, ईवीएम एवं वीवीपैट कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग, बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट व इटीपीबीएस कोषांग, मीडिया कोषांग, कम्युनिकेशन, मतदाता सूची विखंडिकरण कोषांग, कंप्लेंट्स रीड्रेसल एवं वोटर हेल्पलाईन, प्रेक्षक कोषांग आदि के वरीय पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक देंगे।

### अबुआ आवास को लेकर हुई ग्रामसभा

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड के चैनपुर पंचायत भवन में अबुवा आवास को लेकर पंचायत के मुखिया शोभा देवी के अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अबुआ आवास में लगभग चार सौ आवेदन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया योग्य एवं अयोग्य लाभार्थियों का चुनाव प्रथमिकता के आधार पर करना है। पंचायत सचिव सतोंष यादव ने बताया कि अबुआ आवास में योग्य लाभार्थियों का चयन ग्राम सभा ले माध्यम किया जाना है। वैसे लाभार्थी जिसका नाम ऑनलाइन में नही चढ़ा है तो वरीय अधिकारी से संपर्क कर नाम जोड़वा सकते हैं। मौके पर उपमुखिया, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### सीओ ने मतदान केंद्र के प्रभारी प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की

**भंडरा।** भंडरा अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता ने तीन जनवरी को प्रखंड के सभी 54 मतदान केंद्र के प्रभारी प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर केन्द्रों की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केन्द्रों में सभी सुविधाओं का होना आवश्यक है। किसी केंद्र में सुविधाओं का अभाव है तो इसकी सूचना अवश्य दें और संभव हो तो समय रहते कमियों को दुर करें। स्कूल में अगर बिजली का कनेक्शन नहीं लिया गया है तो कनेक्शन ले लें। इसमें मोबाईल चार्जिंग का व्यवस्था होना भी जरुरी है। मानवता के दृष्टिकोण से भी यह जरूरी है।

### दुर्घटना में शामिल तीनों युवकों की अविलंब गिरफ्तारी, सरकारी नौकरी व मुआवजे की मांग

# वृद्ध की हादसे में मौत पर की सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर थाना क्षेत्र के निगनी चंदकोपा बैंक ऑफ इंडिया के पास बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत के बाद लोहरदगा पेशरार मुख्य सड़क को जाम कर दिया। बुधवार को सुबह 8:00 बजे से ही सड़क जामकर लोहरदगा पेशरार मुख्य पथ को पूरी तरह से जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। घटना के संबंध में जानकर सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को तीन युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तेज गति से निगनी से लोहरदगा की ओर जा रहे थे। इसी बीच बैंक आफ इंडिया के पास बाइक सवार युवको ने टहरू साहू को अपने चपेट में ले लिया। सड़क दुर्घटना में घायल टहरु को लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान टहरु साहू की मौत हो गई। इधर मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने इसकी सूचना के बाद सड़क जाम कर न्याय की मांग करने लगे। परिजनों ने दुर्घटना में शामिल तीनों



युवकों की अविलंब गिरफ्तारी, मृतक के परिवार को सरकारी नौकरी व आर्थिक मुआवजा, सड़क किनारे सीसीटीवी कैमरा लगाने और बेलगाम रफ्तार पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। इधर सड़क जाम की सूचना पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, सदर सीओ आशुतोष कुमार सदलबल मौके पर पहुंचे और जाम कर रहे लोगों को समझने का प्रयास किया। काफी मशक्कत और आश्वासन के बाद जाम को हटा लिया गया।

### युवक को तेज रफ्तार कार ने मारा धक्का

सदर थाना क्षेत्र के ओयना टोंगरी के समीप नववर्ष के अवसर पर डीजे की धुन पर नाच रहे युवको का वीडियो बना रहा युवक को एक आल्टो कार सवार ने धक्का मारते हुए फरार हो गया। युवक की पहचान बमनडीहा करमटोली निवासी देवदीप टाना भगत के रूप में किया गया है। युवक को तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। नववर्ष



पर डीजे की धुन पर कुछ युवाओं की टोली नाच रही थी जिसका वीडियो देवदीप बना रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार का नंबर नोट करते हुए कार ड्राइवर के घर शांति आश्रम के समीप पीछा करते हुए पहुंचे तो ड्राइवर पूरी तरह से नशे में धुत था। वह बात करने के बजाय रॉड लेकर मारने को दौड़ाने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार ड्राइवर की पहचान व्यवहार न्यायालय लोहरदगा के एक वकील अशोक कुमार वर्मा उर्फ लालू के रूप में किया गया। अस्पताल पहुचे जिप उपाध्यक्ष बिनोद उरांव ने कहा कि मानवता को शर्मशार करने जैसी घटना है। वैसे व्यक्ति जो अपने वाहन से मारने के बाद रुकना तो दूर पलट कर देखा तक नहीं ऐसे लोगों के ऊपर कारवाई करने की मांग की है। इधर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि जब देवदीप गाड़ी को हाथ दिया और रुकने का इशारा कर रहा था तभी नशे में धुत कार ड्राइवर तेज गति से मारते हुए फरार हो गया।

## भठौली गांव में कुएं में गिरने से युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)**
चैनपुर थाना क्षेत्र के भठौली गांव में बुधवार की सुबह कुएं में गिरने से गांव के ही 32 वर्षीय जीतू रौतिया पिता लुंदरा रौतिया की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जीतू रौतिया अपने बागान में बने कुएं में सुबह नहाने गया हुआ था। इसी दौरान उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह कुएं में जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया एवं परिजनों से पूछताछ कर रही है। परिजनों ने बताया कि जीतू को मिर्गी की बीमारी थी और उसे अक्सर मिर्गी का दौरा पड़ा करता था। आज सुबह वह बागान में बने कुएं में नहाने गया हुआ था। जब देर तक वह नहीं लौटा तो उसे खोजने के लिए गए तो वहीं कुएं के पास उसका कपड़ा पड़ा हुआ देखा। इसके बाद कुएं में ढूंढने से जीतू मृत पाया गया।

## किशोरी को भगाने का केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देकर भगाने का आरोप लगाते हुए लड़की के परिजनों ने सेन्हा थाना में लिखित शिकायत करते हुए न्याय का गुहार लगाई है। विदित हो कि नाबालिक लड़की बीते दिसम्बर माह में शनिवार को अपने घर से स्कूल के लिए निकली थी जो देर शाम तक घर नही लौटीं। परिजनों ने काफी छानबीन की। पता चला कि बीफाई उरांव के पुत्र बबलू उरांव को नाबालिग लड़की के साथ जाते देखा गया है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार से लड़की की सकुशल बरामदगी एवं आरोपी पर नियम संगत कारवाई करने की परिजनों ने गुहार लगाई है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में बबलू उरांव पिता बीफाई उरांव सेन्हा थाना क्षेत्र निवासी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

## पुलिस अधीक्षक को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का दिया गया निमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
श्री रघुवर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है, निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है। इसी के साथ 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सभी राम भक्तों के घर तक अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचना है। विश्व हिंदू परिषद के अगवाई में इसी के निमित्त बुधवार को लोहरदगा जिला पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को अयोध्या से आए अक्षत और निमंत्रण पत्र दिया गया। मौके पर जिला अभियान प्रमुख सचिन कुमार साहू, जिला कार्यालय प्रमुख सत्यम अग्रवाल, बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख दीक्षांत आर्य, एवं दीपक कुमार, हसमुख रंजन उपस्थित थे।



### घर-घर पहुंचाया गया पूजित अक्षत

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम में पूजित अक्षत कलश घर घर पंहुचाया गया। बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर अक्षत, पम्पलेट और भगवान राम का निर्मित मंदिर का फोटो वितरण किया गया। अन्य गांवों में निमंत्रण दिया गया। मौके पर रामजीत यादव, जयप्रकाश गोस्वामी, प्रीति कुमारी, रोहित दास गोस्वामी, नारायण लोहरा, विश्वनाथ मिस्त्री, जगसेनी कुमारी, राजेश मुंडा, सोनू दास गोस्वामी, रमेश मिस्त्री सहित अन्य मौजूद थे।

### ढोल नगाड़े के साथ पूजित अक्षत का वितरण किया जायेगा

प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम के जय मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति द्वारा समाजसेवी महावीर प्रसाद की अध्यक्षता में बाजार टांड़ बरही डीपा मे बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से श्रीकृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी उपस्थित थे। अयोध्या से आये अक्षत निमंत्रण पत्र वितरण पर चर्चा करते हुए इसकी रूप रेखा तैयार की गई। समाजसेवी महावीर प्रसाद ने बताया कि रविवार को ढोल नगाड़े के साथ गांव और क्षेत्र का भ्रमण कर पूजित अक्षत का वितरण कर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिये सभी से आग्रह किया जायेगा। भंडारा का भी आयोजन किया जायेगा। मौके पर नरेश महतो, रजनीकांत महतो, अशोक महतो, उदित महतो, सुनील उरांव, सीताराम महतो, रामलाल महतो, नितेश कुमार, सुनील ठाकुर, अरविंद साहू, प्रवेश महतो, अमर महतो आदि उपस्थित थे।

## चार अधिवक्ताओं को मध्यस्थता का प्रशिक्षण मिलेगा

**लोहरदगा।** जिले के चार अधिवक्ताओं का चयन झालसा रांची द्वारा आयोजित 40 घंटा के गहन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हुआ है। इन अधिवक्ताओं का प्रशिक्षण 12 जनवरी से 16 जनवरी, 2024 तक विश्वा कांके रोड, रांची में होगा। बताया गया कि झालसा रांची के द्वारा गहन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 10 मई 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा को निर्देश प्राप्त हुआ था। इसके निमित 5 जुलाई को अधिवक्ताओं का इंटरव्यू लिया गया था। जिले के चार अधिवक्ता लाल दीपक कुमार, लाल धर्मेंद्र देव, सुरीला देवी और मोमिना खातून का चयन प्रशिक्षण के लिए हुआ। बुधवार को डालसा सचिव राजेश ने चयनित अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। कुमार ने बताया गया कि मध्यस्थता के लिए पूर्व में पांच मध्यस्थ प्रवीण भारती, एचके सिन्हा, कुमार चंद्रशेखर, नसीम अंसारी और जुगल किशोर प्रसाद कार्यरत हैं। चयनित अधिवक्ताओं का प्रशिक्षण पूर्ण होने पर जिले में कुल नौ मध्यस्थ हो जाएंगे।

## मकर संक्रांति पर कैरो में लगेगा मेला

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
प्रखंड क्षेत्र के खरता अखड़ा में ग्राम प्रधान जयमंगल मुंडा की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर आगामी 14 जनवरी को खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में सुबह में पूजा अर्चना के बाद दिन भर मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद सांसद प्रतिनिधि सह मेला समिति के प्रारंभिक सहयोगी सह समिति के सचिव लखन उरांव ने कहा कि सैकड़ो वर्षों से मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ स्थान में पूजा अर्चना व अपनी मनोकामना पूर्ती के लिए पूजा



अर्चना व मेला का आयोजन होता रहा है, किन्तु 32 वर्षों से मेला का आयोजन बंद था जिसके बाद पंचायती चुनाव के साथ ही 2010 में जिला स्तरीय बैठक के बाद पुनः मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सुरु हुआ जो निरंतर चल रहा है जिसमें पूरे गांव सहित अगल बगल के ग्रामीणों का सहयोग मिलता रहा है। इस बार भी धूमधाम के साथ मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें सुबह में पूजा अर्चना के बाद मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बैठक में बजरंगी यादव, बरतु साहू, मंटू तिवारी, बीरबल महली, सोमनाथ महली, सुरेश साहू, बन्धु उरांव, जगेश्वर टाना भगत, बासुदेव टाना भगत, फगुवा टाना भगत आदि मौजूद थे।

## राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां शुरू

**कुलदीप कच्छप। भंडरा**
अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण की शुभ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में चरम उत्साह है। राम मंदिर निर्माण पूर्ण होने के साथ 22 जनवरी को राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों में धार्मिक आस्था का उत्साह बढ़ा हुआ है। लोग इस घड़ी की प्रतीक्षा कई वर्षों से कर रहे थे। अब वह शुभ घड़ी आ गई है। इस शुभ घड़ी का स्वागत लोग करने के लिए तैयारी में लग गए हैं। इस बेला में गांव-गांव में कई तरह के धार्मिक आयोजन की रूपरेखा बनाई जा रही है।

राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विश्व हिंदू परिषद सहित हिंदू धर्म संगठनों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत लोगों को इस कार्यक्रम में



जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत राम जन्मभूमि से लोगों को निमंत्रण पत्र एवं निमंत्रण के लिए अक्षत विश्व हिंदू परिषद के द्वारा गांव-गांव में वितरण किया जा रहा है, जिसमें राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन गांव-गांव के सभी धार्मिक स्थलों सहित अन्य जगहों पर धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए लोगों को तैयार किया जा रहा है। गांव-गांव में लोग इस मौके पर कई धार्मिक अनुष्ठान करने की तैयारी कर रहे हैं। मौके पर विभिन्न हिंदू संगठनों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने हेतु अपने ग्राम स्तर के संगठनों को लगाया गया है। राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रत्येक हिंदू समाज के लोगों में धार्मिक उत्साह बना हुआ है। लोग इस छन को अपने-अपने ढंग से मनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस मौके पर गांव-गांव में मंदिरों को सजाने एवं मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजन करने की तैयारी स्थानीय कमेटी द्वारा की जा रही है।

अयोध्या से आए निमंत्रण एवं अक्षत का वितरण स्थानीय समिति के द्वारा घर-घर में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम लोगों को इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए जागरूकता लाने के रूप में हो रहा है। अच्छत चावल वितरण एवं निमंत्रण वितरण में लोग बढ़-चढ़कर सामिल हो रहे हैं।


### कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्रांतर्गत निजी रूप से संचालित होने वाले बोरिंग वाहन अपना पंजीकरण शुल्क 25000/– (पच्चीस हजार रूपये मात्र) जमा कराते हुए 15 दिनों के अन्दर अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करेंगे तथा अपना पंजीकरण छः माह के उपरान्त नवीनीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा आपके विरूद्ध झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही आपके वाहन को भी जब्त कर लिया जायेगा।

आम नागरिक बोरिंग कराने हेतु 1000/– (एक हजार रूपये मात्र) शुल्क के रूप में जमा कर अनुमति प्राप्त करेंगे साथ ही पंजीकृत वाहन से ही बोरिंग करवाना सुनिश्चित करेंगे।

नोट :– डीप बोरिंग कराना निशेध है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव।

PR 314973 Urban Development(23-24)D



### कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**आम सूचना (9th Call)**

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती तीन वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डाक बंगला, पाँकी | पाँकी | 288000.00 | 72000.00 | 19-01-2024 | अपराह्न 12:30 बजे |
| 2 | डांक बंगला, नावाखास | पाटन | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 3 | बहुदेशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 234000.00 | 58500.00 | | |
| 4 | बहुदेशीय भवन, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 5 | बहुदेशीय भवन, दुबियाखाड़ | सदर मेदिनीनगर | 108000.00 | 27000.00 | | |
| 6 | बहुदेशीय भवन, मनातू | मनातू | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 7 | बहुदेशीय भवन, सेमरी | पाटन | 180000.00 | 45000.00 | | |
| 8 | नया डाक बंगला, पंड़वा | पंड़वा | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 9 | बस पड़ाव मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 360000.00 | 90000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 18.01.2024 तक कॉलम संख्या–5 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.315017 District(23-24):D


**उपलब्धि** | साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप के लिए लोहरदगा के चार खिलाड़ी चयनित

# ऐश्वर्या, नैना, सृष्टि व आनंद का राष्ट्रीय टीम में चयन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जापान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 6 से 7 जनवरी तक किया गया है। इसमें नेपाल बांग्लादेश श्रीलंका, पाकिस्तान एवं हिंदुस्तान से लगभग 1000 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस कराटे चैंपियनशिप के पहले जापान के ग्रैंडमास्टर केनजी ओहयामा ब्लैक बेल्ट नवीं डॉन के द्वारा सभी प्लेयर को इंटरनेशनल लेवल का काता और कुमिते का



प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसमें लोहरदगा से चार खिलाड़ी ऐश्वर्या साहू, नैना कुमारी, सृष्टि कुमारी एवं आनंद उरांव का चयन नेशनल टीम में हुआ है। ये खिलाड़ी इंडिया के लिए साउथ एशिया कराटे चैम्पियनशिप में खेलेंगे। ये सभी कराटेकार 4 जनवरी को अपने कोच रेंसी श्रवण साहू के साथ दिल्ली के लिए रवाना होंगे। ये बच्चे कराटेकार पिछले 5 वर्षों से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा अनेक बार राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप एवं राष्ट्रीय लेवल कराटे चैंपियनशिप में अपनी सहभागिता दर्ज करके इस मुकाम पर पहुंचे हैं। जिला कराटा संघ के संरक्षक अनिल अग्रवाल, संरक्षिका सुषमा सिंह, अध्यक्ष सेंसाई जगनंदन पौराणिक, उपाध्यक्ष सेंसरी क्यूम खान, विद्यालय के निदेशक देवेंद्र गोप, प्रिंसिपल पारस मिश्रा एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## 'लव कुश रथ यात्रा' के बहाने भाजपा की लव-कुश समीकरण पर नजर



**पटना।** बिहार में भाजपा की 2 जनवरी से लव-कुश रथ यात्रा निकली है। यह रथ यात्रा प्रदेश के सभी जिलों से होते हुए बक्सर के रास्ते उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। यात्रा का समापन 22 जनवरी को अयोध्या में होगा। कहा जा रहा है कि ह्यसबके सिया, सबके रामह्न स्लोगन के साथ निकलने वाली इस रथयात्रा के जरिए भाजपा ने हिंदुत्व के रंग में ढालकर सामाजिक न्याय के जरिए लव कुश समीकरण को साधने की कोशिश की है। दरअसल, नीतीश कुमार ने जिस लव-कुश फॉमूर्ले से लालू प्रसाद यादव की अगुवाई वाली राजद से सत्ता छीनी थी, अब भाजपा ने उसी लव-कुश समीकरण के जरिए जदयू की राजनीतिक जमीन कब्जाने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लव-कुश यानी कुशवाहा-कुर्मी समीकरण के सहारे खुद को सत्ता के करीब रखा है, लेकिन, इस समीकरण में लव (कुर्मी) को जबरदस्त फायदा मिला तो कुश (कुशवाहा) समाज में नाराजगी दिखी। इसी नाराजगी का लाभ उठाने के लिए भाजपा ने पहले ही प्रदेश की कमान सम्राट चौधरी के हाथों सौंपी है तो कुर्मी समाज से आने वाले नीतीश के करीबी आरसीपी सिंह को भी साथ लिया है। भाजपा का इसका फायदा भी मिला है। बिहार में भाजपा लव-कुश फॉमूर्ले को जमीन पर उतारने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और अब अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है तो लव-कुश फॉमूर्ले को हिंदुत्व से जोड़ने की योजना बनाई है। रथ के साथ चल रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी वर्मा कहते हैं कि 500 साल के लंबे संघर्ष और कई लोगों के बलिदान के बाद भगवान राम भव्य मंदिर में पहुंच रहे हैं। आज लव-कुश समाज कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए इस रथ यात्रा का आयोजन हो रहा है।

## भाजपा ने हुबली में कार सेवक की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए पूरे कर्नाटक में किया विरोध प्रदर्शन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान आगजनी के 31 साल पुराने मामले में हुबली में कथित कार सेवक श्रीकांत पुजारी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए बुधवार को राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने हुबली शहर में आंदोलन का नेतृत्व किया और अधिकारियों द्वारा अनुमति देने से इनकार के बावजूद हुबली शहर पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया।राज्य भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। जबकि, भाजपा ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया और कांग्रेस सरकार से श्रीकांत पुजारी को तुरंत रिहा करने का आग्रह किया।आर. अशोक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, "कांग्रेस सरकार राम भक्तों को गिरफ्तार करने की साजिश रच रही है। राज्य में करीब 56,000 पुलिस मामले लंबित हैं। वे हुबली के एक मामले पर ध्यान क्यों केंद्रित कर रहे हैं? क्या किसी कार सेवक को गिरफ़्तार करना उचित है? कांग्रेस भगवान राम से क्यों नाराज है?"अशोक ने चुनौती दी कि हिंदू कार्यकताओं के खिलाफ चुनिंदा मामले दर्ज किए गए हैं। श्रीकांत पुजारी को तुरंत जेल से रिहा किया जाना चाहिए। यहां तक कि मेरे खिलाफ भी एक मामला है, उन्हें गिरफ्तारी की कार्यवाही शुरू करने दीजिए। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, "क्या आप चुनाव हारने के डर से ऐसा कर रहे हैं।" अशोक ने मंच से मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और हुबली धारवाड़ पुलिस आयुक्त रेणुका सुकुमार के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने माता, माता, भारत माताऱ के नारे भी लगाए। उन्होंने चेतावनी दी, हम यहां राम भक्त के रूप में आए हैं, हमें भगवान हनुमान बनने के लिए मजबूर न करें।

## गोवा का 'नटवरलाल' देहरादून से गिरफ्तार, दो राज्यों की पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन कर किया गिरफ्तार

**देहरादून।** गोवा में करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक नटवरलाल को उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स व गोवा पुलिस ने संयुक्त आपरेशन के बाद देहरादून के पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि गोवा के नार्थ गोवा जनपद के पोरवोरिम पुलिस स्टेशन में दर्ज करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में फरार चल रहे आरोपित अशोक कुमार मौर्या निवासी बशरतपुर, जिला गोरखपुर उप्र, वर्तमान निवासी लक्ष्मी निवास मेरसेस संत क्रूज नार्थ गोवा के उत्तराखंड में छिपे होने की सूचना मिली थी।

## मप्र के मुख्यमंत्री ने चालक की औकात पर सवाल उठाने वाले कलेक्टर का किया तबादला

**मध्य प्रदेश।** मध्य प्रदेश सरकार ने ट्रक चालकों के विरोध के बीच एक चालक की औकात को लेकर सवाल उठाने वाले शाजापुर जिला कलेक्टर किशोर कन्याल को उनके पद से हटा दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कन्याल को कलेक्टर पद से हटाने का फैसला साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार में इस तरह की बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अनुसार, यादव के निर्देश पर कन्याल को शाजापुर कलेक्टर के पद से हटा दिया गया है। राज्य सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी कर कन्याल को राज्य उप सचिव के पद पर स्थानांतरित कर दिया। नरसिंहपुर की कलेक्टर रिजु बाफना को शाजापुर का नया कलेक्टर बनाया गया है।ड्राइवर यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कन्याल अपना आपा खो बैठे और बाद में उन्होंने कहा कि अगर उनके शब्दों से किसी को ठेस पहुंची है तो वह खेद व्यक्त करते हैं। इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री यादव ने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम गरीबों के उत्थान के लिए काम करते हैं। कोई भी कितना भी बड़ा अधिकारी क्यों न हो। उसे गरीबों के काम और भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। हमारी सरकार में इस तरह की बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ह्नह्न यादव ने कहा कि वह खुद एक मजदूर के बेटे हैं।

## कोलकाता में एक अपार्टमेंट से एक ही परिवार के 3 लोगों के शव बरामद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने बुधवार को कोलकाता के एक अपार्टमेंट से एक ही परिवार के तीन सदस्यों के क्षत-विक्षत शव बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, गरिया स्टेशन रोड के पास स्थित अपार्टमेंट के एक कमरे की छत से शव लटके पाए गए थे। मृतकों की पहचान स्वपन मोइत्रा (75), उनकी पत्नी अपर्णा (68) और उनके बेटे सुमनराज (39) के रूप में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "शुरूआती जांच से ऐसा लग रहा है।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट–**www.IREPS.gov.in** के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैं–

**1. ई–नीलामी सूची:** पे एंड यूज शौचालय, **2. ई–नीलामी सूची सं.:** पीएनयू–35–23, **3. ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 15.01.2024, 15.00 बजे से, **4. कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** नगर उंटारी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 03 वर्षों के लिए प्री–फैब्रिकेटेड शौचालय का संचालन एवं रखरखाव पे–एंड यूज सिस्टम के तहत ई–नीलामी। गढ़वा टाउन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 03 वर्षों के लिए प्री–फैब्रिकेटेड शौचालय का संचालन एवं रखरखाव पे–एंड यूज सिस्टम के तहत ई–नीलामी।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में क्रम सं. (3) में दिये गये कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद।**

पीआर/02006/डीएचएन/सीओएमएल/एन/23–24/36


## जम्मू-कश्मीर में नार्को-टेरर फंडिंग मामले में एक पुलिसकर्मी समेत दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच एजेंसी (एसआईए) ने बुधवार को बारामूला जिले में नार्को-टेरर फंडिंग मामले में एक स्थानीय पुलिसकर्मी और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसआईए सूत्रों ने कहा कि सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सैफ-उद-दीन और पूर्व सरपंच फारूक अहमद जंगल को नार्को-टेरर फंडिंग मामले में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले की जांच के दौरान अब तक 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व मंत्री और नेचर मैनकाइंड फ्रेंडली पार्टी के अध्यक्ष जतिंदर सिंह उर्फ बाबू से जुड़े हवाला मामले की जांच के दौरान इस सांठगांठ का खुलासा हुआ।


## कार्यालय
## असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,चतरा
(Email Id: cs-chatra@jharkhandmail.gov.in)

### आम सूचना

प्रखण्ड ईटखोरी में ग्रामीण स्वास्थ्य सहिया का चयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में निम्नांकित विवरणी अनुसार किया जाना है :–

| क्रम | दिनांक | प्रखण्ड | राजस्व ग्राम | पंचायत | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04.01.2024 | ईटखोरी | ईटखोरी | ईटखोरी | 11:00AM | ईटखोरी चट्टी |
| 02 | 04.01.2024 | | | | 02:00PM | ईटखोरी टालपर |
| 03 | 06.01.2024 | | | | 11:00AM | ईटखोरी रायटोला |
| 04 | 08.01.2024 | | परसौनी | परसौनी | 11:00AM | पंचायत भवन |
| 05 | 10.01.2024 | | धनखेरी | धनखेरी 1 | 11:00AM | पंचायत भवन |
| 06 | 11.01.2024 | | धनखेरी | धनखेरी 2 | 11:00AM | पंचायत भवन |

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

PR 314987 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

### आम सूचना (4th Call)

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.11.2022 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में विभिन्न प्रखण्डो में स्थित जिला परिषदीय बहुद्देशीय भवन/डाक बंगला की बंदोबस्ती 5 वर्ष के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी 0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में की जायेगी।

| क्र0 | प्रखण्ड | सैरात का नाम | बन्दोबस्ती की अवधि | एक वर्ष के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हरिहरगंज | हरिहरगंज व्यसायिक ईकाई (2 बहुद्देशीय भवन एवं 2 डाक बंगला सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 432000.00 | 108000.00 | 19.01.2024 | अपराह्न 1:00 बजे |
| 2 | विश्रामपुर | विश्रामपुर व्यसायिक ईकाई (1 बहुद्देशीय भवन, 2 डाक बंगला एवं 1 बस पड़ाव (1st Call) सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 456000.00 | 114000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 18.01.2024 तक कॉलम संख्या–6 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से भुगतेय होगा, कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि 5 वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में नजारत जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। एक डाक से दूसरे डाक के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये की होगी।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

**नोट :– उपरोक्त सैरात के आवंटन में सरकारी/अर्द्ध सरकारी निकायों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 315016 District (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**पुर्न अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04RI/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ**

**PR NO.-311684** — दिनांक–02.01.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/03/23-24 | पांकी | 1 | लोहरसी से गांगो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 1232.794 | बारह करोड़ बतीस लाख उन्नासी हजार चार सौ | 09 माह | द्वितीय |
| | | पांकी | 2 | तेतराई पांकी रोड मुलागंज, बहुराहा से बसरिया नाहर भाया बसरिया कब्रिस्तान (पांकी से बसरिया भाया धुब) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | पांकी | 3 | बंदुबार आर0सी0डी0 रोड से कोनवाई बाजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| 2 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/07/23-24 | हैदरनगर | 1 | जपला हैदरनगर पी0डब्लू0डी0 रोड से हैदरनगर स्टेशन भाया बिंदु बीघा चौकड़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | 1548.353 | पन्द्रह करोड़ अड़तालीस लाख पैतीस हजार तीन सौ | 09 माह | द्वितीय |
| | | हुसैनाबाद | 2 | नौडीहा से काजीनगर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 3 | हैदरनगर पंसा रोड रहमानिया मोड़ से कबराकला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 4 | हैदरनगर बेरवा रोड से जमुवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 5 | जपला मोहम्मदगंज मेन रोड से कुकही तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 6 | जपला मोहम्मदगंज पी0डब्लू0डी0 रोड खरडिहा से मोखरकला भाया कुदवा लोहापुरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। | | | | |
| | | मोहम्मदगंज | 7 | गोड़ाडीह से भाली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। | | | | |
| | | मोहम्मदगंज | 8 | T05 सोनबरसा मोड़ से बीरधवर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। | | | | |
| 3 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/08/23-24 | हुसैनाबाद | 1 | जपला छतरपुर पी0डब्लू0डी0 रोड से गडुराही भाया मोहम्मदगंज तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | 1993.94 | उन्नीस करोड़ तिरांबे लाख चौरांबे हजार रूपये | 09 माह | द्वितीय |
| | | हुसैनाबाद | 2 | दंगवार रोड से पोखराही तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 3 | जपला दंगवार रोड से दादरा गांव तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 4 | इटबांध से कोदवरिया घाट तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 5 | जपला छतरपुर मेन रोड से अलीनगर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 6 | जपला छतरपुर पी0डब्लू0डी0 23 कि0मी0 कामगारपुर मोड़ से गम्हारबीघा मेन रोड भाया कामगारपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 7 | जपला छतरपुर मेन रोड से हिरासिकनी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 8 | हैदरनगर परता पथ से खरगड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 9 | हैदरनगर परता रोड से सोनपुरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 06.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : .19.01.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 22.01.2024 पूर्वाह्न 11.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7903448085
7. निविदा शुल्क झारखंड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के पक्ष में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा । विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 314996 (Rural Development) 23-24 (D)


# देश की एकता के लिए राम मंदिर बहुत जरूरी : मेनका



**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम पर कहा कि इस देश की एकता के लिए भगवान श्रीराम मंदिर बहुत जरूरी है, इससे एक नवीनता आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बहुत ही बारीकी से इस काम को किया है जिसके लिए उनकी पूरे विश्व में जय-जयकार हो रही है। श्रीमती गांधी ने कहा कि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद सुलतानपुर के रामायण सर्किट से जुड़े सीताकुंड घाट एवं धोपाप स्थल का भी विकास होगा। बुधवार को दौरे के पहले दिन जयसिंहपुर के हरिहरपुर गांव में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर दर्शन हेतु घर-घर पूजित अक्षत को वितरित किया। इसके बाद सराय जेहली गांव में बृहद जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल होकर बड़ी संख्या में फरियादियों की समस्याओं का समस्त विभाग के अधिकारियों के सहयोग से निस्तारण किया।


## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
## NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR

### E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 15वें वितमद | | | | |
| 1 | 17 | UDD/NPB/02/2023-24 (2nd Call) | Renovation of Badka Pond in ward no. 17 | 2465300 | 49306 | 5000 | 90 day |
| 2 | 11 | UDD/NPB/03/2023-24 (2nd Call) | Renovation of Gangajala Pond in ward no. 11 | 2465900 | 49318 | 5000 | 90 day |
| 3 | 12 | UDD/NPB/04/2023-24 (2nd Call) | Renovation of Dakhi Pond in ward no. 12 | 2465200 | 49304 | 5000 | 90 day |
| 4 | 03 | UDD/NPB/09/2023-24 (2nd Call) | Installtion of Paver Block from B.More to CharmuhanUntari Road in Ward no. 03 | 677222 | 13544 | 5000 | 60 Day |
| 5 | 05,08 09 | UDD/NPB/10/2023-24 (2nd Call) | Installation of Paver Block & Grill from Madrsha Road to House of Sunil Pandey on the East Side of NH75 in the Ward no. 05,08,& 09 | 2499851 | 49997 | 5000 | 60 Day |
| 6 | 05,08,09 | UDD/NPB/11/2023-24 (2nd Call) | Installation of Paver Block & Grill from Madarsha Road to ChhaliaNala near MahabirMandir on the West Side of NH75 in the Ward no. 05,08,& 09 | 2185420 | 43710 | 5000 | 60 Day |
| 7 | 16 | UDD/NPB/12/2023-24 | Installation of Paver Block from Police station Bishrampur to Bhelwa River in ward no. 16 | 689494 | 13789 | 5000 | 60 Day |
| 8 | 16 | UDD/NPB/13/2023-24 | Installation of Paver Block from PanchmukhiMandir to RCIT Collage gate via Police Station Bishrampur in ward no. 16 | 1773241 | 35464 | 5000 | 60 Day |
| | | | शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | |
| 9 | 5 | UDD/NPB/14/2023-24 | Construction of P.C.C Road on kaccha Road from J.B Company to sanatan teacher's training collage gate no 1 via house of ajaydubey. | 253047 | 5060 | 1000 | 60 Day |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | Date Of Publication Of Tender On Website | 03.01.2024 02:00 PM |
| 6 | Date Start Of Online Submission Of Bids | 03.01.2024 02:00 PM |
| 7 | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | 15.01.2024 05:00 PM |
| 8 | Date Of Bid Opening | 16.01.2024 05:00 PM |
| 9 | Name & Address Of Office Inviting Tender | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR |
| 10 | Contact No. Of Procurement Officer | 9525633383 |
| 11 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | |

NOTE: - Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in. NOTE 2- Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् विश्रामपुर

PR 315036 (District)23-24*D

## कार्यालय जिला परिषद, गुमला
### सैरात बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना (तृतीय)

एतद् द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि जशपुर रोड स्थित स्टेडियम प्रबंधन समिति द्वारा निर्मित कुल 09 दूकानों के उपर तल्ला के दूकान सं0–02 में स्थापित व्यायाम केन्द्र का एक वर्ष के लिये सैरात बन्दोवस्ती हेतु दिनांक 12–01–2024 को जिला परिषद, गुमला के कार्यालय परिसर में अपराहन् 3:00 बजे से डाक हेतु बोली आयोजित की गयी है, जिसका विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | सैरात का नाम | न्युनतम डाक की राशि | जमानत की राशि | आवेदन प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जशपुर रोड स्थित स्टेडियम प्रबंधन समिति द्वारा निर्मित कुल 09 दूकानों के उपर तल्ला के दूकान सं0–02 में स्थापित व्यायाम केन्द्र | 2,50,000/– | 25,000/– | 500/– |

1. आवेदन प्रपत्र दिनांक 03–01–2024 से दिनांक 11–01–2024 अपराहन् 5:00 बजे तक निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट, जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय हो, जमा कर कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट, जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय हो, दिनांक 11–01–2024 तक जिला परिषद कार्यालय, गुमला में जमा करना होगा। डाक समाप्ति के पश्चात् प्रथम एवं द्वितीय डाकवक्ता को छोड़कर बाकी डाक बोलने वाले व्यक्ति को जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट डाक समाप्ति के पश्चात् लौटा दिया जायगा।
3. विस्तृत शर्त्तों से संबंधित सहमति पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
4. विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– **www.gumla.nic.in**/ जिला परिषद् के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय, गुमला के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला।

PR 315054 Rural Development(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला
mail-rdsdgumla123@gmail.com

### अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/20/2023-24 Re

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिला के बसिया प्रखण्ड में बनई पंचायत के ग्राम गंगड़ा खास से पपलाडाँड़ को जोड़ने वाली पथ में नदी पर पुलिया निर्माण। | 3,24,78,400.00 | 6,50,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.01.2024 से दिनांक 13.01.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 315056 Rural Development (23-24)_D

# धर्म की राजनीति और अर्थव्यवस्था

ईडी के छापों और आरोपों प्रत्यारोपों की राजनीति के बीच झारखंड एक बार फिर चर्चा में है और राष्ट्रीय मीडिया के साथ टीवी चैनलों का ध्यान झारखंड की ओर गया है जबकि उनका ध्यान आम तौर पर झारखंड की उपलब्धियों पर नहीं जाता। अनेक बार झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतराराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रोशन करते हैं पर समान्यतः झारखंड तब अन्य राज्यों की तुलना में अपेक्षाकृत कम महत्व पाता रहा है । पर झारखंड में जो सबसे बड़ा खजाना इसे प्रकृति ने दे रखा है वे हैं जंगल पहाड़ों से सजे मनोरम और अछूते पर्यटन स्थल। इसके अलावा यहां दो अंतरराष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन स्थल हैं पहला देवघर स्थित बाबधाम जहां पड़ोसी देशों तक से भक्त सावन के महीने में आते हैं और दूसरा जैन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा तीर्थस्थल गिरिडीह स्थित सम्मेदजी शिखर । पर व्यवस्था की कमियों या अपराध की लूटपाट जैसी घटना से झारखंड को कठघरे में खड़े करने वाले लोग इन तीर्थस्थलों के बारे में शायद ही कभी बताते हों । ऐसे में जब कोई बड़ी हस्ती किसी महत्वपूर्ण स्थल पर फोकस कर कुछ करता है तो उसे सिर्फ राजनीति के चश्मे से नहीं देखना चाहिए । इस मामले में अभी मोदी सबसे आगे हैं जो जिस भी धार्मिक स्थल में जाते हैं उसकी जबर्दस्त मार्केटिंग हो जाया करती है। उनके आलोचक इसे धर्म का दुरुपयोग भले बोलें पर इस से कोई इनकार नहीं कर सकता कि इससे उन पर्यटन स्थलों में भीड़ भी बढ़ी है और सुविधाएं भी । इसी प्रकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिछली बार जब खूंटी के एक पर्यटन स्थल गए तो वहाँ भीड़ बढ़ गई । इसी प्रकार झारखंड के रांची जमशेदपुर रोड में स्थित दिउड़ी मंदिर की दिनों दिन बढ़ती भीड़ धोनी के कारण हुई जो हर बड़े मैच के पूर्व वहां जाते हैं और मीडिया उसको कवरेज देता है ।

> **राम मंदिर को भी एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए तो इससे कुछ लोगों को अवश्य रोजगार मिल सकता है जिसकी देश में सख्त जरूरत है । वर्तमान में 2.5 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में पहुंचते हैं। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो जाने के पश्चात पर्यटकों की यह संख्या 10 गुना तक बढ़ सकती है अर्थात 25 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में आ सकते हैं। एक पर्यटक यदि अयोध्या में रहते हुए 2000 रुपए का खर्च भी करता है तो 50,000 करोड़ रुपए का व्यापार अकेले अयोध्या में प्रतिवर्ष होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।**

राम मंदिर को भी एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए तो इससे कुछ लोगों को अवश्य रोजगार मिल सकता है जिसकी देश में सख्त जरूरत है । वर्तमान में 2.5 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में पहुंचते हैं। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो जाने के पश्चात पर्यटकों की यह संख्या 10 गुना तक बढ़ सकती है अर्थात 25 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में आ सकते हैं। एक पर्यटक यदि अयोध्या में रहते हुए 2000 रुपए का खर्च भी करता है तो 50,000 करोड़ रुपए का व्यापार अकेले अयोध्या में प्रतिवर्ष होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही पूरे वर्ष भर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई प्रकार के भव्य समारोह भी अयोध्या में आयोजित होने लगेंगे, इससे कुल मिलाकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रतिवर्ष एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार केवल अयोध्या में ही होने लगेगा। अयोध्या में होटल और रिजोर्ट का निर्माण करने हेतु 20 प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को प्राप्त हो चुके हैं, इनमे कई फाइव स्टार होटल भी शामिल हैं। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत ढांचा एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी विकसित किया जा रहा है। अयोध्या रेल्वे स्टेशन को विकसित कर लिया गया है। उक्त वर्णित व्यवस्थाओं के विकसित होने के पश्चात अयोध्या में बढ़ने वाले धार्मिक पर्यटन से लाखों की संख्या में नए रोजगार के अवसर निर्मित होने जा रहे हैं।

इन दिनों

# अयोध्या से सनातन का भव्य सूर्योदय


मृत्युंजय दीक्षित



***पांच*** सौ वर्ष के सतत संघर्ष और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विकृत व दूषित मनोवृत्ति की राजनीति के कारण सर्दी, गर्मी व बरसात में भी फटे टेंट में सब प्रकार के कष्ट झेलने वाले राम लला अब अपने दिव्य एवं भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं । जैसे-जैसे प्राण प्रतिष्ठा की तिथि (22 जनवरी 2024) निकट आ रही है भारत के पूर्वी से पश्चिमी और उत्तर से दक्षिणी छोर तक समस्त सनातनी रामभक्तों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। सभी प्रभु श्रीरामलला के आगमन के आनन्दोत्सव में डूबना चाह रहे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी विगत अयोध्या यात्रा में रामभक्तों के मन में भी धैर्य का भाव जगाना पड़ा । उन्होंने 30 दिसंबर को अयोध्या की भूमि से सम्पूर्ण भारत को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर के लिए 500 वर्षों से भी अधिक समय से प्रतीक्षा की है और संघर्ष किया है और अब बस कुछ दिन ही और धैर्य रखना है। प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में राम ज्योति जलाने व दीपावली मनाने का आह्वान भी किया । प्रधानमंत्री ने कहा कि हर किसी की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने की इच्छा है लेकिन ऐसा संभव नहीं है। उन्होंने देश के सभी राम भक्तों से प्रार्थना की कि वे 22 जनवरी को विधि -विधान से कार्यक्रम संपन्न हो जाने के बाद 23 जनवरी के बाद अपनी सुविधानुसार अयोध्या आयें। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने भव्य रोड शो निकाला। अत्याधुनिक महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट और अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, उत्सव के वातावरण में वंदे भारत व अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के विकास पथ का भव्य श्रीगणेश किया। 2014 के पूर्व भारत की धर्मप्राण जनता ने सपने में भी नहीं सोचा था कि अयोध्या में इतना दिव्य एवं भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जायेगा या फिर कोई प्रधानमंत्री अयोध्या को विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बनाने का कार्य करेगा क्योंकि एक समय था जब देश का कोई भी नेता अयोध्या का नाम तक लेने से हिचकता था। अब समय बदल चुका है और अयोध्या, काशी और मथुरा सहित सनातन के सभी आस्था केन्द्रों का व्यापक दृष्टिकोण से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी में महारानी अहिल्याबाई होल्कर व महाराज विक्रमादित्य की छवि स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है क्योंकि इन दोनों ही महान विभूतियों ने हिंदू मंदिरों का जीर्णेद्धार करवाया था और प्रधानमंत्री मोदी भी उन्हीं का कार्य आगे बढ़ा रहे हैं। लगभग दो हजार वर्ष पूर्व महाराज विक्रमादित्य ने रामनगरी को संवारा था उसके पश्चात महारानी अहिल्याबाई होलकर ने और अब 1528 में बाबर के सेनापति के अयोध्या विध्वंस के बाद आधुनिक विक्रमादित्य रूपी प्रधानमंत्री मोदी के हाथों अयोध्या का कायाकल्प हो रहा है। प्रधानमंत्री ने जिस एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया है वह भी बाहर से मंदिर और अंदर से भव्यता का पर्याय है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा के माध्यम से धर्मपथ से होते हुए राजपथ को थाम लिया है। प्रधानमंत्री अपने चिर परिचित अंदाज में सरकारी योजनाओं की एक लाभार्थी मीरा मांझी के घर पहुंच गये। उनके परिजनों का हालचाल पूछा। साथ ही मीरा के हाथों बनाई चाय को पीकर सभी को अचंभित कर दिया। मीरा उज्जवला योजना की दस करोड़वीं लाभार्थी होने के साथ एक निषाद परिवार से हैं। यह एक कटु सत्य है कि 2014 और फिर 2017 से पूर्व वर्तमान अयोध्या की कल्पना किसी ने भी नहीं की थी। हवाई अड्डा, इतना बड़ा और सुविधा संपन्न रेलवे स्टेशन, रामपथ-धर्मपथ-भक्तिपथ जैसे मार्ग कल्पनामात्र ही थे। सूर्यस्तंभ की तो किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। अब प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ये सभी कल्पनाएं साकार हो रही हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि आगामी दस वर्षों में अकेले अयोध्या में ही 80 हजार करोड़ से अधिक विकास कार्य संपन्न कराये जायेंगे। अयोध्या विश्व की सबसे विशाल सांस्कृतिक राजधानी बनने की ओर अग्रसर हो रही है। चार ऐतिहासिक प्रवेशद्वारों के संरक्षण एवं सुंदरीकरण योजना के मूर्तरूप लेने के बाद अयोध्या और भी अधिक शोभायमान हो जायेगी। सरयू नदी पर राम की पैड़ी से राजघाट तक राजघाट से भगवान श्रीराम के मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार पूर्ण होने के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की राह और भी अधिक सुगम होगी। अतः इस बात में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि 22 जनवरी 2024 के बाद आने वाला समय अयोध्या का है। सनातन संस्कृति के उत्थान का है। आज संपूर्ण विश्व के राम भक्त अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए आतुर हो रहे हैं। सभी रामभक्त कम से कम एक बार वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों में बैठकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए आना चाह रहे हैं।

> **लगभग दो हजार वर्ष पूर्व महाराज विक्रमादित्य ने रामनगरी को संवारा था उसके पश्चात महारानी अहिल्याबाई होलकर ने और अब 1528 में बाबर के सेनापति के अयोध्या विध्वंस के बाद आधुनिक विक्रमादित्य रूपी प्रधानमंत्री मोदी के हाथों अयोध्या का कायाकल्प हो रहा है। प्रधानमंत्री ने जिस एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया है वह भी बाहर से मंदिर और अंदर से भव्यता का पर्याय है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा के माध्यम से धर्मपथ से होते हुए राजपथ को थाम लिया है।**

## आपकी बात



### कम पृष्ठों से भी तृप्त कर रहा है नवीन मेल


देवेश कु. घोष

क्रातिकारी चित्रकार महावीर महतो जी को सलाम ! शहीदों के चित्र बना कर अनोखे ढंग से लोगों को बीच उनका प्रदर्शन कर रहे हैं । गाँव की गलियों की दीवारें वीर शहीदों के चित्रों को पाकर इंकलाब जिंदाबाद बोल रही हैं । महतों जी द्वारा चित्रकला के माध्यम से शहीदों के प्रति दी जा रही श्रद्धांजलि अतुलनीय और प्रेरणास्पद है । नूतन वर्ष के पहले दिन जहां शराब की बोतलें खोलकर, फिल्मी धुन पर नृत्य कर लोगों ने जश्न मनाया, वहीं सिल्ली प्रखण्ड के सुरगुजाडीह ग्राम में स्वर्गीय विजय महतों स्मृति मेला में पंचपरगनियाँ पारंपरिक संस्कृति प्रेमी झूमर नृत्य, नर्तकी नाच, पाता नाच, छौ नाच कर लोगों को झुमाया । झारखंड की अमूल्य सांस्कृतिक परम्पराओं के संवाहकों को हृदय से साधुवाद ! ऐसे आयोजन नव वर्ष की गरिमा को सार्थक बनाते हैं । अङ्ग्रेजी नव वर्ष का विरोध क्यों ? भारतीय संस्कृति ने न जाने कितनी परम्पराओं, रिवाजों, प्रचलनों, को आत्मसात किया है । यह हमारी विशेषता है । अङ्ग्रेजी नव वर्ष के विरोध के स्थान पर भारतीय कैलेंडरों के नव वर्ष की प्रथम तिथियों पर पारंपरिक आयोजनों को वृहत रूप में करना चाहिए । अंग्रेजी नव वर्ष जिन्हें नागवारा लगता है, क्या उन्हें अपनी जन्म तिथि शक संवत , विक्रम संवत के अनुसार मालूम है ? ह्यराष्ट्रीय नवीन मेलह्न के पृष्ठों की संख्या फिलहाल अपेक्षाकृत कम ही सही, प्रतिनिधि समाचार, ज्ञानवर्धक समाचार, समेकित सूचनाएँ एवं उत्कृष्ट विचार भरे आलेख पाठकों को तृप्त कर देते है ।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली)**

### पिकनिक स्पॉटों पर बिखरी गंदगी

पिकनिक स्थलों पर नव वर्ष जश्न के बाद सैलानियों द्वारा कूड़ा-कचरा छोड़ देने से गंदगी चहुंओर फैली हुई है। नव वर्ष के बाद भी पिकनिक स्थलों पर काफी संख्या में लोग जश्न मनाने पहुंचे रहे हैं। शहर से करीब 20 किमी दूरी पर केचकी संगम सहित कई पिकनिक स्पॉट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जहां नववर्ष के मौके पर लोग वन भोज का आनंद लेने पहुंचे थे। वहीं इन स्थलों पर चारो तरफ बीयर, कोल्ड ड्रिंक्स के बोतल और प्लेट बिखरे पड़े हैं। क्षेत्र के सभी पिकनिक स्थल आबादी वाले इलाके से दूर अवस्थित हैं। प्रशासन या वन विभाग कभी इनके सफाई पर ध्यान नही देती है और इस बार भी इन स्थलों की साफ-सफाई करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों ने कोई निर्णय नहीं लिया है। इससे स्थिति विकट हो रही है। -आनंद कुमार

राजनीति

# आरजेडी वालों, मंदिर-स्कूल में भेद नहीं, ये वैशिष्ट्य है हमारा


डॉ. मयंक चतुर्वेदी


***अयोध्या*** में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसके मुख्य समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस समारोह को लेकर अंतर्विरोध भी देखने को मिल रहा है। एक तरफ ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन राजनीतिक पार्टी है, जिसके प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी राममंदिर और बाबरी ढांचे के बहाने फिर से सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी ओर राम मंदिर को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज का एक विवादित बयान सामने आया है। बयान में वे कहते दिखे, ''500 साल बाद मनुवाद की वापसी हो रही है।'' इसी बीच राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) में काम करनेवाले लालू यादव एवं उनके बच्चों के भक्तगण, राजनीतिक कार्यकर्ता हैं, जो मंदिर की तुलना आज स्कूल से कुछ इस तरह से कर रहे हैं जैसे कि मंदिर अज्ञानता के गढ़ हैं और इनसे सभी को दूरी बनाये रखना चाहिए । वस्तुतः लालू और राबड़ी देवी के घर के बाहर जो विवादित पोस्टर लगा है, उससे तो यही समझ आ रहा है कि अयोध्या में बन रहा भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर इन लोगों को रास नहीं आ रहा । इस पोस्टर में मंदिर को गुलामी का मार्ग बताया गया है और लिखा गया है, ''मंदिर का मतलब मानसिक गुलामी का मार्ग और स्कूल का मतलब होता है जीवन में प्रकाश का मार्ग। जब मंदिर की घंटी बजती है तो हमें संदेश देती है कि हम अंधविश्वास, पाखंड, मूर्खता और अज्ञानता की तरफ बढ़ रहे हैं और जब स्कूल की घंटी बजती है तो यह संदेश मिलता है कि हम तर्कपूर्ण ज्ञान और वैज्ञानिकता व प्रकाश की ओर बढ़ रहे हैं। अब तय करना है कि आपको किस ओर जाना चाहिए?'' यहां कहने को जिन्होंने ये पोस्टर लगवाया है, वे आरजेडी के विधायक अपने नाम के साथ जिस जाति कुशवाहा समाज और धर्म का उल्लेख करते हैं, वह हिन्दू है। आश्चर्य इस बात पर होता है कि हिन्दू होकर मंदिरों से इतना द्रोह ! क्या इन्हें मंदिर के होने के पीछे का मनोविज्ञान नहीं पता ? और यदि नहीं भी पता है तो अच्छा होता यह सभी कुछ अनर्गल लिखने के पूर्व उस दर्शन और विशेष ज्ञान को प्राप्त करते जोकि प्रत्येक मंदिर के होने के पीछे का सत्य है।

> **एक तरफ ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन राजनीतिक पार्टी है, जिसके प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी राममंदिर और बाबरी ढांचे के बहाने फिर से सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# पक्षियों का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती


ललित गर्ग

**देश** एवं विदेशों में विलुप्त हो रही विभिन्न पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिये वर्तमान में राष्ट्रीय पक्षी दिवस की प्रासंगिकता बढ़ी है। हर साल 5 जनवरी को प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद, पक्षी रक्षक और पक्षी प्रेमी इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पक्षियों के प्रति प्यार जताने एवं उनके संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध होने का एक खास दिन है। 2002 में पहली बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने की शुरूआत हुई। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पक्षी प्रेमियों और अन्य लोग समान रूप से इस दिवस को मनाते हैं। भारत में भी इस दिवस को मनाने की विशेष प्रासंगिकता है, क्योंकि यहां भी अधिकांश पक्षी प्रजातियों को गंभीर भविष्य का सामना करना पड़ रहा है या वे विलुप्तता की कगार पर है। संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को व्यापक पैमाने पर मनाया जाता है। अक्टूबर में प्रकाशित यूएस नॉर्थ अमेरिकन बर्ड कंजर्वेशन इनिशिएटिव की 2022 स्टेट ऑफ बर्ड्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में आधे से अधिक पक्षी प्रजातियों में गिरावट आ रही है और लगभग सभी आवासों में इन पक्षियों की आबादी कम हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में पक्षियों की लगभग 70 प्रजातियों ने अपनी आबादी का कम से कम आधा हिस्सा खो दिया है और अगर संरक्षण के प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की गई तो अगली आधी सदी में वे बाकी आधी आबादी खो देंगे। भारत में भी पक्षी विलुप्ति एक गंभीर मुद्दा है जिसका हमें ध्यान रखना चाहिए। भारत सहित दुनिया में धीरे-धीरे विलुप्त हुए कुछ पक्षियों के नाम हम देखते है जैसे जंगली उल्लू, बेयर पोचार्ड, जॉर्डन कोर्टर, भारतीय गिद्ध, हिमालयन बटेर, साइबेरियन क्रेन, बंगाल फ्लोरिकन दुबला-पतला गिद्ध, सोसिएबल लैपविंग, लाल सिर वाला गिद्ध, सफेद पीठ वाला गिद्ध, महान भारतीय बस्टर्ड, सफेद पेट वाला बगुला, गुलाबी सिर वाली बतख, स्पून-बिल्ड सैंडपाइपर, गौरैया, मोर आदि। मनुष्य के जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन को बनाये रखने के लिए हमें पक्षियों की संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संगठित कार्रवाई की आवश्यकता है।

> **2002 में पहली बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने की शुरुआत हुई। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पक्षी प्रेमियों और अन्य लोग समान रूप से इस दिवस को मनाते हैं।**


बोधि वृक्ष

# गजलक्ष्मी व्रत व ऐरावत हाथी की पौराणिक कथा

***दक्षिणा*** के रूप में स्वर्ण आभूषण, वस्त्र आदि दिया गया। तत्पश्चात महिलाओं ने मिलकर मधुर संगीत लहरियों के साथ भजन कीर्तन कर संपूर्ण रात्रि महालक्ष्मी व्रत का जागरण किया। दूसरे दिन प्रातः राज्य पुरोहित द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ जलाशय में महालक्ष्मीजी की मूर्ति का विसर्जन किया गया। फिर ऐरावत को बिदाकर इन्द्रलोक को भेज दिया। इस प्रकार जो स्त्रियां श्री महालक्ष्मीजी का विधिपूर्वक व्रत एवं पूजन करती हैं, उनके घर धन-धान्य से पूर्ण रहते हैं तथा उनके घर में महालक्ष्मीजी सदा निवास करती हैं। इस हेतु महालक्ष्मीजी की यह स्तुति अवश्य बोलें-

**महालक्ष्मी नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं सुरेश्वरि।**
**हरि प्रिये नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं दयानिधे।।**

(समाप्त)

### समुद्र मंथन की कथा

समुद्र मंथन एक अत्यंत महत्वपूर्ण पौराणिक घटना है जिसमें अमृत की प्राप्ति के लिए देवताओं और दैत्यों ने मिलकर समुद्र का मंथन किया था। आइये विस्तार से जानते हैं समुद्र मंथन की कथा , उसका कारण और परिणाम। ये कहानी शुरू होती है महर्षि दुवार्सा के शाप से जो उन्होंने देवराज इन्द्र को दिया था। महर्षि दुवार्सा भगवान शिव के ही अंशावतार थे और अपने क्रोध के लिए प्रसिद्ध थे पर ये बात और थी कि उनके क्रोध में भी कल्याण छिपा रहता था।

**समुद्र मंथन का कारण :** एक बार दुवार्सा मुनि पृथ्वी पर विचरण कर रहे थे। घूमते घूमते उन्होंने एक विद्याधरी के हाथों में सन्तानक पुष्पों की एक दिव्य माला देखी। उस दिव्य माला की सुगंध से वह वन सुवासित हो रहा था। तब उन्मत्त वृत्ति वाले दुवार्सा जी ने वह सुन्दर माला देखकर उसे उस विद्याधर सुंदरी से माँगा।

## टेक वर्ल्ड

# आसान तरीकों से ऐसे बढ़ायें अपने स्मार्ट टीवी की स्पीड?

**समय-समय पर करते रहें अपडेट**

क्लियर करने के अलावा आप अपने स्मार्ट टीवी को समय-समय पर अपडेट करते रहें इसके लिए आपको सेटिंग में जाकर अपडेट का ऑप्शन चुनना है और अपडेट पर क्लिक करके लेटेस्ट अपडेट अपने टीवी को करते रहें। ऊपर दिए गए सारे विकल्प चुनने के बाद भी अगर आपकी स्मार्ट टीवी की स्पीड में कोई अंतर समझ में नहीं आ रहा है, अभी भी आपकी स्मार्ट टीवी स्लो परफॉर्म कर रही है तो एक बार आप अपनी टीवी को रीस्टार्ट जरूर करें। अगर आप अपनी टीवी को रीस्टार्ट करते हैं तो टीवी के बैकग्राउंड में चल रहे सारे ऐप्स ऑटोमेटेकली बंद हो जायेंगे और आपकी टीवी में आ रहे एक्स्ट्रा बर्डन को यह कम कर देगा। आप देखेंगे कि, रीस्टार्ट करने के बाद आपकी टीवी के परफॉर्मेंस में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। - विंध्यवासिनी सिंह



(समाप्त)

**भारत में शिफ्ट हो सकती हैं टेक कंपनियां ?**

इजराइल ही वो देश है जहां इनटेल चिपसेट का प्रोडक्शन होता है। लेकिन इजराइल के मौजूदा हालात ने इन सभी कंपनियों की मुश्किल बढ़ा दी है। इन दिनों इजराइल और हमास के बीच स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। वहीं इजराइल टेक्नोलॉजी के मामले में भी सबसे आगे है, जिस कारण इजराइल ऐपल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फेसबुक और आईबीएम समेत बड़ी-बड़ी टेक कंपनियों का गढ़ भी है। (क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एटोपिक डमेर्टाइटिस की समस्या होने पर ऐसे करें बच्चों का बचाव

कई बार शिशुओं के चेहरे पर सफेद दाग हो जाते हैं। इनको ठीक करने के लिए माता-पिता कई घरेलू तरीके आजमाते हैं। आपको बता दें कि इन सफेद दागों को एटोपिक डमेर्टाइटिस कहा जाता है। आजकल के खराब वातावरण में बच्चों को अधिक देखभाल की जरूरत होती है। नवजात बच्चों से लेकर 3 साल तक के बच्चों में काफी जल्दी-जल्दी बदलाव होते हैं। क्योंकि यही वह समय भी होता है, जब बच्चों को इंफेक्शन, एलर्जी और स्किन संबंधी समस्याओं का खतरा ज्यादा होता है। कई बार शिशुओं के चेहरे पर सफेद दाग हो जाते हैं। इनको ठीक करने के लिए माता-पिता कई घरेलू तरीके आजमाते हैं।

### क्यों होते हैं सफेद दाग

छोटे बच्चों के फेस पर होने वाले सफेद दाग को एटोपिक डमेर्टाइटिस या एक्जिमा कहा जाता है। आजकल के बच्चों में यह समस्या अधिक देखी जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक नीचे बताए गए कारणों से बच्चों के सफेद दाग की समस्याएं हो जाती हैं।

जिन शिशुओं की स्किन ड्राई अधिक होती है तो उनमें एटोपिक डमेर्टाइटिस की समस्या अधिक देखी जाती है।

कई बार बच्चे एटोपिक डमेर्टाइटिस की समस्या होने की वजह स्किन को अधिक खुजलाते हैं। हांलाकि अधिकतर पेरेंट्स यह समस्या नहीं समझ पाते हैं।



कई बार मौसम में बदलाव होने के कारण भी बच्चों में यह समस्या देखी जाती है।

सर्दियों के मौसम में इसका खतरा अधिक बढ़ जाता है।

इसके अलावा धूप और धूल के कारण भी बच्चों में एटोपिक डमेर्टाइटिस की समस्या हो सकती है।

वहीं साबुन से भी कई बार बच्चों को चाइल्ड एक्जिमा की समस्या हो सकती है।

### क्या है बचाव के तरीके

नवजात बच्चों और छोटे बच्चों की त्वचा काफी सेंसिटिव होती है। ऐसे में उनको धूल और धुएं आदि से दूर रखना चाहिए।

इस समस्या से बचने के लिए बच्चों की त्वचा पर अच्छे केमिकल फ्री मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

इसके साथ ही इस बात पर भी ध्यान दें कि कहीं बच्चे की त्वचा रूखी तो नहीं हो रही है।

अगर बच्चे की त्वचा पर सफेद दाग दिख रहे हैं, तो उसका साबुन बदलें।

इसके अलावा बच्चे को परफ्यूम से दूर रखना चाहिए। क्योंकि इसमें इस्तेमाल होने वाले केमिकल से बच्चे की त्वचा खराब हो सकती है।

सफेद दाग की समस्या होने पर पीडियाट्रिशियन या स्किन स्पेशलिस्ट की सलाह ले सकते हैं।

डॉक्टर के बताए मुताबिक आप स्किन क्रीम या सीरम की मदद से बच्चे की त्वचा को हेल्दी रख सकते हैं।

# स्किपिंग रोप एक्सरसाइज करते समय इन गलतियों से बचना है जरूरी

अनन्या मिश्रा

हर व्यक्ति अपनी पसंद के हिसाब से फिटनेस रूटीन फॉलो करता है। किसी को योग करना पसंद होता है तो कोई कार्डियो करता है। लेकिन आपको बता दें कि स्कपिंग रोप या रस्सी कूदना एक ऐसा वर्कआउट है। जो लगभग हर किसी को पसंद आता है।

फिटनेस फ्रीक लोग फिट रहने के लिए तरह-तरह की एक्सरसाइज करते हैं। आमतौर पर लोगों को ऐसी फिटनेस रूटीन फॉलो किए जाने की सलाह दी जाती है। जिसे फॉलो करने में खुद को भी मजा आए। हालांकि हर व्यक्ति अपनी पसंद के हिसाब से फिटनेस रूटीन फॉलो करता है। किसी को योग करना पसंद होता है तो कोई कार्डियो करता है। लेकिन आपको बता दें कि स्कपिंग रोप या रस्सी कूदना एक ऐसा वर्कआउट है। जो लगभग हर किसी को पसंद आता है।

हम सभी लोगों में से कई लोग ऐसे हैं, जो बचपन में रस्सी कूदा करते थे। हालांकि बचपन का यह खेल फिटनेस का एक हिस्सा है। यह खुद को फिट रखने का एक अच्छा तरीका है। भले ही रस्सी कूदना एक अच्छी एक्सरसाइज है, लेकिन इसे सही तरीके के करना काफी जरूरी होता है। लोग रस्सी कूदने के दौरान काफी छोटी-छोटी गलतियां करते हैं। ऐसे में इन गलतियों को करने से बचना चाहिए।



### अधिक हाथ हिलाना

ज्यादातर लोग रस्सी कूदने के दौरान हाथों को ज्यादा हिलाते हैं। खासतौर पर बिगनर रस्सी कूदने के दौरान अपने हाथों, कोहनी या कंधे को अधिक मूव कर सकते हैं। लेकिन बता दें कि यह अप्रभावी होने के साथ ही थका देने वाला है। इसलिए प्रयास करें कि आइने के सामने खड़े होकर रस्सी कूदें, जिससे आपको अपने शरीर की मूवमेंट को मॉनीटर करने का मौका मिले। इससे आप आसानी से बॉडी मूवमेंट को मॉनिटर कर पाएंगे। रस्सी कूदने के दौरान आपके आर्म्स स्थित होने चाहिए। वहीं कलाइयों से ज्यादा मूवमेंट होनी चाहिए।

### अधिक ऊंचा कूदना

बहुत से लोग ज्यादा ऊंचा कूदते हैं, अमूमन यह गलती सभी लोग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना बिलकुल भी सही नहीं माना जाता है। क्योंकि जब आप ज्यादा ऊंचा कूदते हैं, तो आपके बार-बार अटकने की संभावना होती है। साथ ही आपके पैरों पर भी अधिक जोर पड़ता है और आप जल्दी थक जाते हैं। इसलिए रस्सी कूदने के दौरान आपको जमीन से सिर्फ 1-2 इंच ऊपर ही कूदना चाहिए। ऊंचाई आपके घुटनों तक नहीं आनी चाहिए।

### वार्मअप ना करना

किसी भी वर्कआउट को करने से पहले वार्मअप किया जाना बेहद जरूरी होता है। इसलिए रस्सी कूदने के दौरान भी इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि कुछ लोग समय बचाने के चक्कर में अच्छे से वार्मअप नहीं करते हैं। वहीं सही तरह से वार्मअप नहीं किए जाने पर रस्सी कूदने से आपको चोट लगने की अधिक संभावना होती है। इसलिए इसे करने से पहले आपको जॉगिंग या फिर जंपिंग जैक आदि कुछ मिनट के लिए करना चाहिए।


### एडवांस मूव्स

स्किपिंग रोप एक्सरसाइज में भी कई वैरिएशन होते हैं। लेकिन प्रैक्टिस और लेवल को ध्यान में रखते हुए यह वैरिएशन किए जा सकते हैं। लेकिन कई बिगनर दूसरों की देखा-देखी में क्रॉसओवर या डबल अंडर मूव्स करने लगते हैं। लेकिन बिगनर होने पर इन मूव्स को करने से आपको चोट लगने का अधिक खतरा होता है। इसलिए इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

# कैसे हो जाता है हार्ट ब्लॉकेज, डाइट में बदलाव कर दिल को रखें हेल्दी

इलेक्ट्रिक सिग्नल हमारे दिल की धड़कनों को कंट्रोल करने का काम करता है। जब या कुछ देर या फिर पूरी तरह से बंद हो जाता है। तो इसको हार्ट ब्लॉकेज कहा जाता है। इस स्थिति में दिल की धड़कनें काफी धीमी हो जाती हैं।

इलेक्ट्रिक सिग्नल हमारे दिल की धड़कनों को कंट्रोल करने का काम करता है। जब या कुछ देर या फिर पूरी तरह से बंद हो जाता है। तो इसको हार्ट ब्लॉकेज कहा जाता है। इस स्थिति में दिल की धड़कनें काफी धीमी हो जाती हैं। या फिर दिल धड़कना बंद कर देता है। ऐसा होने पर हमारा शरीर सही तरह से ब्लड को पंप नहीं कर पाता है। इस स्थिति में बेहोशी, थकान, चक्कर आना और सांस लेने में तकलीफ होती है। किसी भी व्यक्ति के लिए हार्ट ब्लॉकेज होना बहुत खतरनाक हो सकता है। इसके कारण व्यक्ति की जान भी जा सकती है।



**क्या है हार्ट ब्लॉकेज :** हार्ट ब्लॉकेज का मतलब होता है कि दिल के इलेक्ट्रिकल सिस्टम में समस्या का होना। क्योंकि आपके दिल की धड़कनों की गति को कंट्रोल करने का काम हार्ट का इलेक्ट्रिकल सिस्टम करता है। इस कंडीशन को एट्रियोवेंट्रिकुलर (एवी) या कंडक्शन डिसऑर्डर कहा जाता है।

### हार्ट ब्लॉकेज का किसे अधिक खतरा

अगर किसी व्यक्ति का वजन काफी ज्यादा है, तो उस व्यक्ति को हार्ट ब्लॉकेज का अधिक खतरा होता है। क्योंकि एक्स्ट्रा वेट होने के कारण धमनियों यानी ब्लड वेसल्स में फैट जमा हो जाता है। कई बार यह फैट इतनी अधिक मात्रा में जमा हो जाता है, जिससे हार्ट ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके कारण यह हार्ट अटैक का भी खतरा होता है।

एक वेबसाइट के अनुसार, हृदय की मांसपेशियों में सजून होने की वजह से भी हार्ट ब्लॉकेज का रिस्क बढ़ जाता है। सूजन की समस्या होने पर ब्लड फ्लो में दिक्कत होती है। हांलाकि यह भी हो सकता है कि लेफ्ट एट्रियम और बाएं वेंट्रिकल (माइट्रल वाल्व) के बीच का वाल्व सही से बंद न हो। जिसके कारण ब्लड उल्टी दिशा में लेफ्ट एट्रियम की तरफ वापस आने लगता है।

हार्ट ब्लॉकेज की एक वजह हार्ट फेलियर भी हो सकता है। कई बार हार्ट मसल्स बहुत ज्यादा मोटी हो जाने की वजह से हार्ट में ब्लड भरने लगता है। इस स्थिति में शरीर को पर्याप्त मात्रा में ब्लड मिल सकता है। लेकिन इस स्थिति में सुधार न होने पर यह हार्ट ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो सकता है। ऐसे में व्यक्ति की जान जोखिम में पड़ सकती है।

**हार्ट डिजीज के रिस्क को ऐसे करें कम**

हार्ट डिजीज की वजह से हार्ट ब्लॉकेज का रिस्क ज्यादा होता है। इसको कंट्रोल करने के लिए हार्ट डिजीज के खतरे को कंट्रोल में करने का प्रयास करना चाहिए। इसके खतरे को कम करने के लिए आप नीचे बताए गए टिप्स भी अपना सकते हैं। हेल्दी डाइट लेनी चाहिए। हेल्दी डाइट में आप लो फैट, हाई फाइबर और ज्यादा से ज्यादा फल व सब्जियां शामिल करें। हार्ट ब्लॉकेज के खतरे को कम करने के लिए फिजिकली एक्टिव रहना चाहिए और एक ही जगह पर घंटों बैठकर काम न करें। अगर आप डेस्क जॉब करते हैं, तो रोजाना एक्सरसाइज जरूर करें। वेट को कंट्रोल में रखना चाहिए। ओवर वेट और नशीले पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए।

## कच्चा नारियल न सिर्फ त्वचा, बालों, इम्यूनिटी बढ़ाने व

# वेट घटाने में भी फायदेमंद

हालाकि अभी तक आपने नारियल तेल के कई फायदे सुने होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कच्चा नारियल खाना उससे भी ज्यादा फायदेमंद होता है। कच्चा नारियल न सिर्फ त्वचा, बालों, इम्यूनिटी बढ़ाने व वेट घटाने में भी फायदेमंद होता है। ऐसे बहुत सारे लोग होते हैं, जिनको कच्चा नारियल खाना बेहद पसंद होता है। ऐसे में अगर आपको भी कच्चा नारियल खाना पसंद है, तो यह एक अच्छी आदत है। क्योंकि नारियल खाने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। हांलाकि अभी तक आपने नारियल तेल के कई फायदे सुने होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कच्चा नारियल खाना उससे भी ज्यादा फायदेमंद होता है। कच्चा नारियल न सिर्फ त्वचा, बालों, इम्यूनिटी बढ़ाने व वेट घटाने में भी फायदेमंद होता है। ऐसे में अगर आप सोच रहे हैं कि कच्चा नारियल क्यों और कैसे हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। तो बता दें कि कच्चा नारियल कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें मैग्नीशियम, कॉपर, सेलेनियम, पोटेशियम, आयरन, फास्फोरस और जस्ता मौजूद होता है। साथ ही इसमें वसा भी पायी जाती है। कच्चा नारियल न सिर्फ स्वस्थ शरीर बल्कि बेहतर कार्य में भी सहायक होता है। यदि आप रोजाना एक नियमित अनुपात में कच्चे नारियल का सेवन करते हैं, तो आपको विटामिन सी, थायमिन और फोलेट पर्याप्त मात्रा में मिलता है। कच्चे नारियल में मौजूद पोषक तत्व आपको स्वस्थ रखने का काम करता है। वहीं नारियल तेल न सिर्फ हमारे बालों बल्कि त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। बताया जाता है कि नारियल के तेल से कुल्ला करने पर पाचन तंत्र बेहतर होता है।

**वेट लॉस में फायदेमंद :** आपको बता दें कि कच्चा नारियल एक हेल्दी स्नैक्स है। जो आपके वेट लॉस में सहायता करता है। क्योंकि कच्चे नारियल के सेवन से भूख कम लगती है। ऐसे में जब आपको भूख कम लगती है, तो आप कम खाते हैं, या फिर ओवरईटिंग से बच जाते हैं। साथ ही कोलेस्ट्रॉल को भी कंट्रोल करने में मददगार होता है। कच्चे नारियल में ट्राइग्लिसराइड्स मौजूद होता है। जो भूख को कम करने के साथ फैट को तेजी से बर्न करता है। कॉफी और नारियल तेल का कॉम्बिनेशन वेट लॉस में काफी कारगर माना जाता है।



**कब्ज की समस्या होगी दूर :** माना जाता है कि कच्चे नारियल के सेवन से कब्ज की समस्या दूर होती है। फाइबर की कमी से भी कब्ज की शिकायत हो सकती है। वहीं कच्चा नारियल भी हाई फाइबर से भरपूर होता है। ऐसे में इसके सेवन से आंत स्वास्थ्य और बाउल मूवमेंट भी बेहतर होता है।

**बालों के लिए लाभकारी :** बालों के लिए भी कच्चा नारियल काफी लाभकारी माना जाता है। डैंड्रफ और झड़ते बालों की समस्या को नारियल पानी के इस्तेमाल से दूर किया जा सकता है। वहीं आप अपने बालों को कोकोनट मिल्क से नेचुरल तरीके से स्ट्रेट कर सकते हैं। साथ ही इसके सेवन से रूखे-बालों की समस्या दूर होने के साथ बाल हेल्दी रहते हैं। क्योंकि कच्चे नारियल में वसा की मात्रा मौजूद होती है, जो आपकी स्किन और बालों को पोषण देने का काम करती है।

**स्किन के लिए फायदेमंद :** कच्चा नारियल खाने से स्किन ग्लोइंग और मुलायम होती है। कच्चे नारियल में मोनोलॉरिन और लॉरिक एसिड मौजूद होता है। जो इसे नेचुरली एंटीबैक्टीरियल और एंटिफंगल बनाता है। इसके सेवन से मुंहासे की समस्या दूर होती है। आप चाहें तो नारियल की एंटी-एजिंग ड्रिंक या फिर कच्चा नारियल खा सकते हैं।

**इम्यूनिटी बढ़ाने में कारगर :** कच्चे नारियल के सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होती है। इसमें एंटी बैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण पाया जाता है। जो आपको बीमारियों और संक्रमण से बचाता है। साथ ही इसके सेवन से संज्ञात्मक विकारों को रोकने में सहायता मिल सकती है।

## सूडोकु नवताल- 6934

✶✶✶✶✶ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6933 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## दैनिक पंचांग

04 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.30 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कुंभ | 09.16 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.49 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 12.20 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.00 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 15.58 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.11 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.28 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 22.39 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | तुला | 00.50 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.05 ब.से |
| | | धनु | 05.21 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का चौथा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अष्टमी 22.05 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 17.34 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड अहोरात्र।
**करण** बालव 09.00 बजे तदनन्तर कौलव 22.05 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 22.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 48'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871848
**जूलियन दिन** 2460313.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 21
**विशेष** कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7996

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | 13 | | | | ■ | 14 | 15 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 16 | ■ | | ■ |
| 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 | | 21 |
| | ■ | 22 | 23 | | 24 | | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

**ऊपर से नीचे**

1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

**शब्द पहेली -7995 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ट | व | र | ना | ग | र | ■ | ■ |
| ■ | क्र | ■ | म | ■ | ज | ■ | का | ■ |
| ज | र | ■ | जा | हि | रा | ■ | जी | त |
| ब | ■ | ज | न | ■ | ज | मा | ■ | ल |
| र | ब | ना | ■ | ■ | ■ | ज | वा | ब |
| द | ■ | ना | स | ■ | दा | रा | ■ | गा |
| स्त | र | ■ | मा | न | ना | ■ | ख | र |
| ■ | थ | ■ | धा | ■ | पा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | स | न | स | नी | फै | ल | ना |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**वृष राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मिथुन राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कर्क राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**सिंह राशि :** "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कन्या राशि :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला राशि :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**धनु राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मकर राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# रामलला के अभिषेक के लिए बाबर के देश उज्बेकिस्तान से भी आया जल

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या मंदिर के लिए रामलला की मूर्ति तो फाइनल हो गई लेकिन 17 तारीख को इसे सार्वजनिक किया जाएगा। इसी दिन नगर भ्रमण का भी कार्यक्रम है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मुगल शासक बाबर की जन्मभूमि उज्बेकिस्तान से भी जल आया है। जी हां, पाकिस्तान, चीन, दुबई समेत अंटार्कटिका के जल से भी श्रीराम का अभिषेक किया जाएगा।

इसी साल अप्रैल में दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक विजय जौली 156 देशों से लाए गए पवित्र जल को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले थे। कलश पर चीन, लाओस, लातविया, म्यांमार, मंगोलिया, साइबेरिया, दक्षिण कोरिया जैसे कई देशों के नाम के स्टिकर लगे हैं। विजय जौली ने दावा किया है कि जल संग्रह में सभी धर्मों के लोगों का सहयोग मिला है। सऊदी अरब से हिंदुओं ने तो ईरान से मुस्लिम महिला ने जल भेजा है। कजाकिस्तान से ताज मोहम्मद ने हां की प्रमुख नदी का जल भेजा। केन्या से सिख भाइयों की मदद से जल इकट्ठा किया गया। सिंधियों ने बेहद सावधानी बरतते हुए पाकिस्तान से अयोध्या के लिए जल भेजा है।



## 9 हवन कुंडों का होगा निर्माण

मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 2 मंडपों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, इसमें 9 हवन कुंड शास्त्री विधि से बनाए जाएंगे। बता दे कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए इन कुंडों के बनाने की जिम्मेदारी काशी के विद्वानों को दी गई है। काशी से अयोध्या के लिए 5 सदस्यीय दल कुंड निर्माण के लिए रवाना हो चुका है। 9 हवन कुंडों में 8 कुंड 8 दिशाओं में होंगे, जबकि एक कुंड आचार्य के लिए बनाया जा रहा है।



## कुंड का आकार और उसका उद्देश्य

- वृत्ताकार- शांति के लिए
- अर्धचंद्राकार - कल्याण के लिए
- पद्म- स्वास्थ्य, शांति, समृद्धि के लिए
- चर्तुस्त्र- सर्वसमृद्धि के लिए
- त्रिकोण- शत्रु पर विजय के लिए
- योनि- संतति के लिए
- षटकोण- शत्रु नाश के लिए
- अष्टकोण- उत्तम स्वास्थ्य के लिए

**इन चीजों से बनेंगे कुंड :** कुंड के निर्माण में ईंट, बालू, मिट्टी, गोबर, पंचगव्य और सीमेंट आदि सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

## गर्भगृह की शोभा बढ़ाएंगी जयपुर में तैयार हुई प्रतिमाएं

रामलला के गर्भगृह में श्रीगणेश-हनुमान जी की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। इन प्रतिमाओं का निर्माण जयपुर में हुआ है। नए साल के पहले दिन पूजा-अर्चान के बाद इन प्रतिमाओं को अयोध्या भेज गया है। ट्रकों में गरुड़, दो हाथी और दो शेर की प्रतिमाओं को भी भेजा गया है। वहीं द्वार पर लग रहे द्वारपाल भी जयपुर में तैयार हुए।

## पीएम ने की स्वाति मिश्रा के राम आएंगे भजन की सराहना



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले राम लला के स्वागत में बिहार की भजन गायिका स्वाति मिश्रा के गाए एक भजन की बुधवार को सराहना की और उसे सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसे मंत्रमुग्ध करने वाला बताया। बिहार के छपरा जिले की रहने वाली स्वाति मिश्रा ने तकरीबन दो महीने पहले अपने यू-ट्यूब चैनल पर मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे... राम आएंगे भजन साझा किया था। अब तक करोड़ों की संख्या में लोग उनके इस भजन को देख चुके हैं। उनके लाखों सब्सक्राइबर्स भी हैं। मोदी ने एक्स पर उनके भजन का वीडियो साझा करते हुए लिखा, श्री राम लला के स्वागत में स्वाति मिश्रा का भक्ति से भरा यह भजन मंत्रमुग्ध करने वाला है। उन्होंने इसके साथ ही हैशटैग श्रीरामभजन भी लिखा।

## 31 साल बाद राम मंदिर से हटाई गई सीआरपीएफ



**नई दिल्ली।** राम मंदिर की सुरक्षा से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को हटा दिया है। सुरक्षा का जिम्मा अब यूपी पुलिस के कंधों पर है। यूपी पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ही राम मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को संभालेगी। दरअसल, 1992 में बाबरी विध्वंस के बाद से ही यहां पर सीआरपीएफ तैनात की गई थी। इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन अब राम मंदिर उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी यूपी पुलिस की स्पेशल सिक्यॉरिटी फोर्स (एसएसएफ) तैनात रहेगी। यूपी पुलिस की स्पेशल फोर्स को पहले ही राम मंदिर की सुरक्षा करने की ट्रेनिंग दे दी गई है। भगवान श्री राम के ससुराल नेपाल से 25 लोगों को निमंत्रण भेजा गया है। विशिष्ट लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे।



## राम छाप वाले सोने और चांदी के सिक्कों की मांग बढ़ी

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले अभिषेक समारोह से पहले ज्वैलर्स के पास राम मंदिर और राम दरबार की छाप वाले सोने और चांदी के सिक्कों की भारी मांग देखी जा रही है। यपी ज्वैलर्स एसोसिएशन के महासचिव पुष्पेंद्र जायसवाल ने बताया कि चांदी के राम दरबार की बाजार में काफी मांग है। अकेले कानपुर में ज्वैलर्स को राम मंदिर और राम दरबार और विभिन्न आकारों में भगवान राम की 1,000 मूर्तियों को दर्शाने वाले 5,000 सिक्कों के ऑर्डर मिले हैं। कुछ जौहरी राम मंदिर की प्रतिकृति वाले सोने के छोटे सिक्के भी बेच रहे हैं। चांदी के सिक्के की कीमत 900 रुपये से 25,000 रुपये तक है।

## एक नजर

### आप सबसे भ्रष्ट पार्टी : अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रवर्तन निदेशालय के समन पर पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होने पर आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के प्रवास के दौरान बुधवार को पत्रकारों से कहा कि जो लोग राजनीति में आने से पहले ईमानदारी की दुहाई देते थे, उनकी पार्टी आम आदमी पार्टी आज सबसे बड़ी भ्रष्ट पार्टी बन गई है। जिनके कई मंत्री जेल में हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया जेल में हैं और अब मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में ईडी की समन को बार बार नकार रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि कुछ गड़बड़ है। दाल में कुछ काला है या तो पूरी दाल ही काली है।

### देश में कोरोना के 602 नए मरीज, 5 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 602 नए मरीज सामने आए। इस अवधि में पांच मरीजों की मौत हो गई है। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में इस अवधि में 722 मरीज स्वस्थ हुए। मौजूदा समय में कोरोना के 4440 एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार महाराष्ट्र में कोरोना के नए मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। कोरोना से पांच मरीजों की मौत दर्ज की गई। इसमें दो मरीज केरल, एक कर्नाटक, एक पंजाब, और एक तमिलनाडु का है।

### बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के मद्देनजर सशस्त्र बल तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश में 7 जनवरी को होने जा रहे संसदीय चुनाव के मद्देनजर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आज सुबह देशभर में सशस्त्र बलों को तैनात कर दिया गया। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) निदेशालय के हवाले से कहा है कि सशस्त्र बल बुधवार से 10 जनवरी तक तैनात रहेंगे। आज सुबह सेना की एक टुकड़ी ने ढाका के बनानी इलाके में गश्त किया। बांग्लादेश सेना के जवानों को 62 जिलों और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों को 45 उप जिला क्षेत्रों में सुरक्षा संभालने का जिम्मा दिया गया है। बांग्लादेश नौसेना के जवान भोला और बरगुना सहित 19 तटीय उप जिलों में निगरानी करेंगे। बांग्लादेश वायु सेना पहाड़ी, दूरदराज इलाकों में मतदान केंद्रों पर हेलीकॉप्टर सहायता प्रदान करेगी।

### दक्षिण कोरिया के लिए 2023 अब तक का सबसे गर्म साल



**सियोल।** देश की मौसम एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2023 दक्षिण कोरिया के लिए अब तक का सबसे गर्म वर्ष था, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पिछले साल कोरियाई प्रायद्वीप का औसत तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। कोरिया मौसम विज्ञान प्रशासन (केएमए) के अनुसार, यह 1973 के बाद से उच्चतम वार्षिक औसत तापमान को दशार्ता है। इस वर्ष को दक्षिण कोरिया में मौसम रिकॉर्ड के लिए शुरूआती बिंदु माना जाता था, जब देश के मौसम संबंधी नेटवर्क को काफी मजबूत किया गया था।

# सरकारी अधिकारियों को कोर्ट में तलब करने पर 'सुप्रीम' राहत

**अधिकारियों को कोर्ट की कार्यवाही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने का निर्देश दें**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी अधिकारियों को कोर्ट में तलब किए जाने के मामले में बड़ी राहत दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सबसे पहले तो अधिकारियों को कोर्ट की कार्यवाही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़ने का निर्देश दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट को अधिकारियों की कोर्ट में पेशी का आदेश जारी करते समय उसकी पर्याप्त वजह बतानी चाहिए कि उस अधिकारी की उपस्थिति क्यों जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि अवमानना कार्यवाही को छोड़कर अधिकारियों को कोर्ट के समक्ष पेश होने का आदेश नहीं देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोर्ट में पेश हुए अधिकारी की ड्रेस पर तब तक कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए जब तक अधिकारी अपने दफ्तर के ड्रेस कोड का उल्लंघन नहीं करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकारी अधिकारियों को समन जारी करने के पहले अग्रिम रूप से नोटिस भेजा जाना चाहिए ताकि अधिकारी तैयारी कर कोर्ट में पेश हो सकें। पिछले साल 21 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वो इसे लेकर दिशा-निर्देश तय करेगा। केंद्र ने सुझाव दिया था कि जरूरी हो तभी अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहना चाहिए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि वह कोर्ट में पेश होने के दौरान अधिकारी की वेशभूषा पर भी निर्देश जारी कर सकते।

इससे पहले केंद्र सरकार ने अदालती कार्यवाही में सरकारी अधिकारियों की पेशी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक ड्राफ्ट स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) सौंपा था । केंद्र सरकार ने कहा था कि कोर्ट को अधिकारियों को अपवाद स्वरूप ही समन करना चाहिए। ये कोई रूटीन प्रकिया नहीं होनी चाहिए। केंद्र सरकार ने एसओपी कोर्ट के सामने रखते हुए कहा था कि इसका लक्ष्य न्यायपालिका और सरकार संबंधों में सुधार लाना है। इस एसओपी में कहा गया था कि पेशी के लिए उचित वक्त मिले और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी हो तो ज्यादा बेहतर है। एसओपी के मुताबिक कोर्ट पेशी के दौरान सरकारी अधिकारियों की ड्रेस/उनके सामाजिक, शैक्षणिक पृष्ठभूमि पर टिप्पणी न करे। सरकार के रुख से अलग कोर्ट में दिये बयान के लिए सरकारी वकील पर अवमानना की कार्रवाई न हो।

## एस. जयशंकर आज नेपाल दौरे पर रहेंगे



**काठमांडू।** नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर गुरुवार को नेपाल पहुंचेगे। काठमांडू में वह कई अहम एजेंडों पर चर्चा करेंगे। काठमांडू में विदेश मंत्रालय के अनुसार, एस जयशंकर एक दिवसीय दौरे होंगे। वह नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की समग्र स्थिति और आपसी सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों की समीक्षा की जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, सीमा से सीमा तक फैले तीन दर्जन से अधिक एजेंडे- व्यापार, वाणिज्य, आर्थिक सहयोग, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, नेपाल में भारत द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं से लेकर प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की 2023 की भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित समझौतों पर भी दोनों पक्षों द्वारा चर्चा की जाएगी।

# आकार में भले छोटा लेकिन इसका दिल बड़ा : पीएम

**एजेंसी। कावारत्ती**



पीएम मोदी ने अपनी सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधारों के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों का गवाह बने मुस्लिम बहुल लक्षद्वीप के लोगों का दिल जीतने के प्रयास के तहत बुधवार को कहा कि यह द्वीपसमूह भले ही छोटा है लेकिन इसका दिल बड़ा है। प्रधानमंत्री ने यहां केंद्र शासित प्रदेश में 1,150 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद यह बात कही। मैं यहां मिल रहे प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री मंगलवार को लक्षद्वीप पहुंचे थे। उन्होंने आज एक समारोह में इन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। समरोह में महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों द्वीपवासियों ने भाग लिया। मोदी ने अपने संबोधन में केंद्र की पूर्ववर्ती गैर-भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों से उनकी एकमात्र प्राथमिकता अपने राजनीतिक दलों का विकास करना रही। उन्होंने कहा, दूर-दराज के राज्यों, सीमावर्ती क्षेत्रों या जो समुद्र के बीच हैं, उन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे क्षेत्रों के विकास के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताते हुए मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों और समुद्र के किनारे के स्थानों को अपनी प्राथमिकता बनाया है। उन्होंने कहा, 2020 में, मैंने आपको गारंटी दी थी कि आपको अगले 1,000 दिनों के भीतर तेज इंटरनेट सुविधा मिलेगी।

## यूएनएससी के निर्वाचित सदस्यों के रूप में 5 देशों ने जिम्मेदारी संभाली

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

अल्जीरिया, गुयाना, दक्षिण कोरिया, सिएरा लियोन और स्लोवेनिया ने यूएनएससी के गैर-स्थायी सदस्यों के रूप में अपनी भूमिका शुरू कर दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उनका दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर सोमवार को शुरू हुआ है। क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के बाद मंगलवार को 2024 के लिए परिषद का पहला कार्य दिवस था। उनकी जिम्मेदारियों की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए एक ध्वज स्थापना समारोह आयोजित किया गया था। पांच नवनिर्वाचित सदस्यों ने 2024-25 की अवधि के लिए अल्बानिया, ब्राजील, गैबॉन, घाना और संयुक्त अरब अमीरात के गैर-स्थायी सदस्यों की जगह ली है। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के स्थायी प्रतिनिधि निकोलस डी. रिविएर ने सुरक्षा परिषद में समाचार सदस्यों का स्वागत किया।

## जापान में भूकंप से अब तक 57 की मौत

**टोक्यो।** जापान में सोमवार को आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वाले की संख्या पल-पल बढ़ रही है। मृतकों की संख्या बढ़कर 57 हो गई है। सबसे ज्यादा तबाही इशिकावा प्रांत में हुई है। जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने 48 मौतों की पुष्टि की है लेकिन मरने वालों का आंकड़ा कहीं इससे अधिक है। तटवर्ती शहर कीचड़ में घिर गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों से आई सूचना के अनुसार भूकंप से अब तक कम से कम 57 लोगों की जान गई है।

# ओवैसी ने पूछा, पूजा स्थल कानून को लेकर बीजेपी चुप क्यों ?

**एजेंसी। हैदराबाद**



एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को भाजपा से पूछा कि वह पूजा स्थल कानून को लेकर चुप क्यों है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूछा, यह अभी भी देश का कानून है। क्या बीजेपी अदालत में इसकी संवैधानिकता का बचाव करेगी या नहीं?" पूजा स्थल अधिनियम 1991 का मकसद किसी भी पूजा स्थल के रूपांतरण पर रोक लगाना और उसे बनाये रखने का प्रावधान करना है जैसा कि वह 15 अगस्त, 1947 को अस्तित्व में था। हैदराबाद के सांसद ने अमित मालवीय की उस पोस्ट के जवाब में सवाल उठाया, जिसमें ओवैसी पर राम मंदिर के अभिषेक को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगाया गया था। मालवीय ने लिखा, असदुद्दीन औवेसी वही कर रहे हैं जो वह सबसे अच्छा कर सकते हैं, राम मंदिर के अभिषेक को सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं। 2020 में, हैदराबाद में दो मस्जिदों, मस्जिद-ए-मोहम्मदी और मस्जिद-ए-हाशमी को सचिवालय का निर्माण करने के लिए ध्वस्त कर दिया गया था, लेकिन ओवैसी ने एक शब्द भी नहीं कहा। इस पर ओवैसी ने जवाब देते हुए कहा कि तोड़ी गई मस्जिदों का दोबारा निर्माण कराया गया। मस्जिदों को ध्वस्त कर दिया गया था लेकिन उनका पुनर्निर्माण किया गया। आज उनमें नमाज अदा की जाती है। एआईएमआईएम समेत सभी ने तोड़फोड़ का विरोध किया था। ओवैसी ने कहा, यह बाबरी मस्जिद जैसा का मामला नहीं है, जिसे पहली बार दिसंबर 1949 में अपवित्र किया गया था, 1986 में एक पूर्ण मंदिर में बदल दिया गया और दिसंबर 1992 में ध्वस्त कर दिया गया। क्या आप काशी और मथुरा के साथ भी यही नहीं करना चाहते हैं? हां, सुप्रीम कोर्ट का फैसला है। कोर्ट सर्वोच्च है।

## खुलासा — 1.15 मिलियन अवैध प्रवासी अभी भी देश में मौजूद

# 5 लाख अवैध अप्रवासियों को पाक से वापस भेजा

**अधिकांश अवैध अप्रवासी अफगान नागरिक हैं, जो सुरक्षा चिंताओं के कारण अपने देश से भाग आये हैं**

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) को सूचित किया है कि सरकार के निर्वासन अभियान के तहत 5 लाख से ज्यादा अवैध अप्रवासियों को पहले ही देश से वापस भेजा जा चुका है। मंत्रालय ने स्वदेश वापसी और निर्वासन अभियान की वर्तमान स्थिति के संबंध में सीनेटर मोहसिन अजीज के सवालों के डेटा प्रतिक्रिया का खुलासा किया। मंत्रालय ने कहा, "देश में लगभग 17 लाख अवैध अप्रवासी अवैध रूप से रह रहे हैं, जिनमें से अधिकांश अफगानी हैं। वे देश में रहने के लिए जरूरी किसी भी कानूनी दस्तावेज के बिना रह रहे हैं। अवैध निवासियों के लिए निर्वासन योजना को कैबिनेट की मंजूरी के बाद लगभग 5,41,210 लोगों को वापस भेजा गया।" शेष 1.15 मिलियन अभी भी देश में मौजूद हैं। शेष लोगों को भी सरकार के राष्ट्रव्यापी निर्वासन अभियान के हिस्से के रूप में वापस स्वदेश भेजा जाएगा। शेष लोगों की पहचान करने और उन्हें निर्वासित करने के प्रयास जारी हैं। सूत्रों ने पुष्टि की कि 5 लाख अवैध अप्रवासियों में से 95 प्रतिशत से अधिक अफगान नागरिक थे, जिन्हें उनके गृह देश वापस भेज दिया गया था। पाकिस्तान ने दशकों से देश में रह रहे करीब 1.7 मिलियन अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने का लक्ष्य बना रहा है। अधिकांश अवैध अप्रवासी अफगान नागरिक हैं, जो सुरक्षा चिंताओं के कारण अपने देश से भाग गए।

अक्टूबर 2023 में सरकार ने सभी अवैध अप्रवासियों को 31 अक्टूबर तक देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया था। समय सीमा समाप्त होने के बाद कार्रवाई, गिरफ्तारी, कारावास और निर्वासन की चेतावनी दी। समय सीमा समाप्त होने के बाद पाकिस्तान सरकार ने औपचारिक रूप से कार्रवाई शुरू की और देश भर से अवैध विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। गिरफ़्तार किए गए ज्यादातर विदेशी नागरिक अफगानी हैं। जिन्होंने देश छोड़ने के लिए दिए गए सीमित समय पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की है और मांग की है कि उन्हें पाकिस्तान में रहने की अनुमति दी जानी चाहिए क्योंकि उनमें से अधिकांश के पास वापस जाने के लिए कुछ भी नहीं है। लेकिन, पाकिस्तान सरकार ने ग्लोबल मानवाधिकार संगठनों या अफगान सरकार द्वारा उठाई गई चिंताओं को कोई प्रासंगिकता देने से इनकार कर दिया।

## ऑर्डर डिलीवर करने के लिए डिलीवरी बॉय घोड़े पर हुआ सवार



**हैदराबाद।** हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं पर नए कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के कारण पेट्रोल स्टेशनों पर ईंधन खत्म होने के बाद मंगलवार को हैदराबाद में ऑर्डर देने के लिए जोमैटो के एक डिलीवरी बॉय ने घुड़सवारी की। जोमैटो बैग पहने डिलीवरी बॉय को पुराने शहर के चंचलगुडा इलाके में इंपीरियल होटल के पास एक सड़क पर घोड़े की सवारी करते देखा गया। घोड़े पर सवार होकर ऑर्डर डिलीवर करने वाले युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया गया। उनकी मोटरसाइकिल का पेट्रोल खत्म होने के बाद उनके मन में यह अनोखा विचार आया।

## फिल्म जगत

### 'जॉली एलएलबी 3' में आमने-सामने होंगे अक्षय कुमार और अरशद वारसी



**मुंबई।** 'बच्चन पांडे' में स्क्रीन शेयर करने वाले बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी 'जॉली एलएलबी' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म में एक साथ नजर आएंगे। फिल्म के पहले दो पार्ट हिट रहे हैं। इस बार फिल्म में दोनों कलाकार कानूनी लड़ाई में आमने-सामने होंगे। एक विश्वसनीय सूत्र ने साझा किया है कि फिल्म की शूटिंग मई 2024 में शुरू होने वाली है। सूत्र ने कहा, निर्देशक सुभाष कपूर ने 'जॉली एलएलबी' की तीसरी किस्त के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस बार मुकाबला अक्षय बनाम अरशद होने जा रहा है। सुभाष ने एक ऐसे विषय को सुलझाया है, जो दोनों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करता है। शूटिंग मई 2024 में शुरू होगी। फिल्म का निर्माण डिज्नी और केप ऑफ गुड फिल्म्स कर रही है। प्रशंसकों ने पिछले भागों में दोनों जॉली को पसंद किया है, जबकि जगदीश त्यागी के रूप में अरशद को बहुत प्यार और प्रशंसा मिली, वहीं जगदीश मिश्रा के रूप में अक्षय को भी प्रशंसकों ने सराहा। इस प्रोजेक्ट के अलावा अरशद और अक्षय 'वेलकम टू द जंगल' पर भी साथ काम कर रहे हैं, जो 2024 में रिलीज होगी।

# भारत की पहली पारी 153 रनों पर सिमटी, 98 रनों की मिली बढ़त

## पहले दिन के खेल में गिरे 20 विकेट, 6 भारतीय बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके

### दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 55 रन पर समाप्त

**एजेंसी। केप टाउन**

लुंगी एनगिडी और कागिसो रबाडा की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन भारत की पहली पारी 153 रनों पर समेट दी। इन दोनों गेंदबाजों ने भारत के आखिरी 6 विकेट बिना कोई रन दिये झटक लिये। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में केवल 55 रन बनाए थे। भारत ने पहली पारी के आधार पर 98 रन की बढ़त हासिल की है। इसी के साथ अभी तक आज के खेल में 20 विकेट गिर चुके हैं।

दूसरी पारी में भारत की शुरूआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल 17 के कुल स्कोर पर बिना खाता खोले कागिसो रबाडा की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। 72 के कुल स्कोर पर नांद्रे बर्गर ने रोहित शर्मा को चलता किया। रोहित ने 39 रन बनाए। इसके बाद 105 के कुल स्कोर पर शुभमन गिल 36 रन बनाकर बर्गर का दूसरा शिकार बने। श्रेयस अय्यर बिना खाता खोले बर्गर का तीसरा शिकार बने। इसके बाद केएल राहुल और विराट कोहली ने पांचवे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 153 के कुल स्कोर पर राहुल 8 रन बनाकर एनगिडी के शिकार बने। यहां से एनगिडी और कागिसो रबाडा ने भारतीय पारी को ताश के पत्तों की तरह ढहा दिया और पूरी टीम 153 के स्कोर पर ही सिमट गई। भारत के 6 बल्लेबाजों ने खाता भी नहीं खोला। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कागिसा रबाडा, नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी ने 3-3 विकेट लिये। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 55 रनों पर सिमटी। इसमें मोहम्मद सिराज (9 ओवर 15 रन 6 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को केवल 55 रनों पर समेट दिया।





### सिराज का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

**भारतीय पेसर मोहम्मद सिराज ने पारी में कुल 6 विकेट झटके। यह 23 टेस्ट मैच के अब तक के करियर में पहला मौका है, जब सिराज ने 5 से ज्यादा विकेट लिए हैं। इससे पहले उनका बेस्ट प्रदर्शन 60 रन देकर 5 विकेट था। सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन टेस्ट मैच में यह प्रदर्शन किया था।**

### सिर्फ 2 बैटर ने छुआ डबल डिजिट

दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन कितना खराब रहा इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसके 9 बैटर दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। सिर्फ विकेटकीपर बैटर काइल वरेन और डेविड बेडिंगहैम ही 10 की रनसंख्या पार कर सके। काइल वरेन ने 15 और बेडिंगहम ने 12 रन बनाए।

### भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर

साउथ अफ्रीका की टीम पहली पारी में एक सेशन भी नहीं खेल सकी। टीम 23.2 ओवर ही बैटिंग कर पाई और 55 रन के स्कोर पर आउट हो गई। ये भारत के खिलाफ टीम का सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले 2015 में टीम नागपुर के मैदान पर 79 रन ही बना सकी। साउथ अफ्रीका में टीम इससे पहले 2006 में 84 रन के स्कोर पर आउट हुई थी। साउथ अफ्रीका टीम टेस्ट में भारत के खिलाफ महज तीसरी बार ही 100 रन के अंदर ऑलआउट हुई है।

# पाक ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाये

सिडनी टेस्ट





**एजेंसी। सिडनी**

विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (88), पुछल्ले बल्लेबाज आमेर जमाल (82) और आगा सलमान (53) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान ने यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 6 रन बना लिये हैं। अपना आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे डेविड वॉर्नर 6 रन और उस्मान ख्वाजा बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद हैं। मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही और केवल 96 रनों के कुल स्कोर पर अब्दुल्ला शफीक (00), सईम अयूब (00), बाबर आजम (26), सऊद शकील (05) और कप्तान शान मसूद (35) पवेलियन लौट गए।

यहां से मोहम्मद रिजवान और आगा सलमान ने पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 94 रन जोड़े। इस दौरान रिजवान ने तेज पारी खेली और अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि वह 12 रन से शतक से चूक गए। 190 रनों के कुल स्कोर पर उन्हें पैट कमिंस ने पवेलियन भेजा। रिजवान ने 103 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्के की बदौलत 88 रन बनाए। इसके बाद 220 के कुल स्कोर पर साजिद खान 15 रन बनाकर पैट कमिंस की गेंद पर आउट हुए। 226 के कुल स्कोर पर आगा सलमान भी चलते बने, हालांकि उन्होंने 53 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली।

### हार के बाद मोहन बागान ने कोच जुआन फर्नांडो को हटाया





**एजेंसी। कोलकाता**

मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग में क्लब के खराब प्रदर्शन के बाद बुधवार को अपने मुख्य कोच जुआन फर्नांडो से नाता तोड़ने का फैसला किया। इंडियन सुपर लीग फ्रेंचाइजी ने घोषणा की कि तकनीकी निदेशक अंतोनियो हबास को अगले हफ्ते होने वाले कलिंग सुपर कप के लिए अंतरिम कोच बनाया गया है। फर्नांडो को दिसंबर 2021 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था, तब वह एफसी गोवा से कोलकाता के इस क्लब से जुड़े थे। उनके मार्गदर्शन में मोहन बागान ने पिछले सत्र का इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) खिताब जीता था और एएफसी कप अंतरक्षेत्रीय सेमीफाइनल में जगह बनायी थी।

# मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा और मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने संयुक्त रूप से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने फुटबॉल को किक मार कर खेल की शुरूआत की।

प्रतियोगिता का उदघाटन मैच जय मसीह क्लब बरियातू और आदिवासी क्लब पंडरा के बीच खेला गया। मैच में आदिवासी क्लब पंडरा ने 3-0 से आदिवासी क्लब पंडरा को रहा दिया। दुसरा मैच में अन्सं क्लब कांके एवं नाईन बुलेट क्लब कवली के बीच खेला गया। जिसमें 2-1 से नाईन बुलेट क्लब कवली विजय रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा झारखंड अलग राज्य की नींव रखने वाले प्रथम व्यक्ति थे। उन्हीं के सोच से झारखंड अलग राज्य की अंदोलन की शुरुआत हुई। इन्हीं के अगुवाई में सन 1956 ई में 32 विधायक एवं 7 सांसद का उदय हुआ। महान अंदोलनकारी शिक्षाविद मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की कोई भी सरकार सुध नहीं ली इसलिए फुटबॉल प्रतियोगिता करा कर उनके महान जीवनी को उजागर करने का काम किया हैं।

कार्यक्रम में शोभा कच्छप, अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, विश्वास उरांव, डब्लू उरांव, किरण तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, अनीता गाड़ी, मुन्ना लकड़ा, गोविंद उरांव, माठु उरांव, मुकेश मुंडा, खेल प्रभारी मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो, दिनेश महतो और संतोष उरांव आदि उपस्थित थे।

### जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समारोह में 78 खिलाड़ी हुए सम्मानित



**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर उम्मीद फाउंडेशन ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, कोच और खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं को पुरस्कृत किया।

**उम्मीद फाउंडेशन ने खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को किया पुरस्कृत**

बुधवार को सीएमपीडीआइ के मयूरी हॉल में आयोजित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2023 समारोह में कुल 78 खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरू सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरू द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा डॉ महुआ मांजी ने खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को अलग अलग कैटेगरी में सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को दर्शाया है। खेल और राजनीति में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। सांसद ने कहा कि राज्य के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से झारखंड और देश का नाम रौशन कर रहे हैं। उम्मीद फाउंडेशन उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ा रहा है। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा का खेल के क्षेत्र में योगदान सराहनीय है। उम्मीद फाउंडेशन उनके जंयती पर खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को सम्मानित कर रही है। उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं, ताकि वे अपना बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड और देश का नाम रौशन करते रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक सचिव निरंजन भारती ने किया। धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय अध्यक्ष क्रीड़ा मोर्चा प्रदीप मिर्धा ने दिया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो, नंदलाल नायक, राम अवतार केरकेट्टा, मनोज कुमार यादव, सोमनाथ मुंडा, संगीता तिर्की एवं मुकेश भगत समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जंतर-मंतर पर जूनियर पहलवानों ने किया बजरंग और साक्षी के खिलाफ प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ और कुछ पहलवानों के बीच चल रहा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। अब युवा पहलवानों ने साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे जूनियर पहलवानों ने इन लोगों पर कुश्ती को बर्बाद करने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2023 से डब्ल्यूएफआई के दो बार के निलंबन के कारण नेशनल कैंप और प्रतियोगिता निलंबित हुई हैं। युवा पहलवान राहुल चौधरी ने बताया कि 28 से 30 दिसंबर को उप्र के नंदिनी नगर गोंडा में कुश्ती चैंपियनशिप आयोजित होने वाली थी, लेकिन इन तीन पहलवानों ने फेडरेशन के ऊपर आरोप लगाकर उस चैंपियनशिप को रुकवा दिया। हैरानी की बात है कि जो आदमी अध्यक्ष पद की कुश्ती संभाल ही नहीं पाया, उसके ऊपर भी इन लोगों ने आरोप लगा दिया। चौधरी ने कहा कि जूनियर पहलवानों का भविष्य पिछले दो साल से अंधकार में लटका है। हम लोग गरीब परिवार से हैं। हर साल 40 से 50 हजार खर्च होते हैं। इन लोगों ने तो अपना करियर बना लिया। नाम शोहरत सब कमा लिया, इन लोगों के पास पैसा भी बहुत है, अब यह लोग सिर्फ राजनीति कर रहे हैं और जूनियर पहलवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय स्कूल खेल में हिस्सा लेने शारोन बेक लुधियाना रवाना



**रांची।** पंजाब के लुधियाना में एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इसमें भाग लेने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स (इस्मा) की ओर से खेलो झारखंड में चयनित कराटे खेल से चयनित शारोन बेक अंडर 19 में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। इससे पहले दिल्ली में हुए एसजीएफआइ, अंडर 14 में लक्की तिर्की और अंडर 17 में नेहा कुमारी तथा क्रिस्पिन लकड़ा ने झारखंड की ओर से प्रतिनिधित्व किया था। खेलो झारखंड से खिलाड़ियों का मान बढ़ाने के इस कार्य को इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स (इस्मा) ने सराहना किया है। तकनीकी निर्देशक शिहांन विमल आनन्द नाग, कमल किशोर कच्छप, नौशाद खान, गुलाम जावेद, बेनेट मालिंग्स, अनिल शर्मा, शशी सुमन, कलेवर कर्मकार, गुलाम गौस, अबरार अंसारी, लालचंद लोहार, पिंटू कुमार, गुमन गाड़ी आदि ने बधाई दी है।

### देश में 31 दिसंबर तक चीनी का उत्पादन 112 लाख टन : इस्मा

**नई दिल्ली।** देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में चीनी मीलों में गन्ना की पेराई ने रफ्तार पकड़ ली है। हालांकि, पिछले चीनी विपणन वर्ष की तुलना में चीनी उत्पादन अभी भी कम है। चालू चीनी विपणन वर्ष में 31 दिसंबर, 2023 तक चीनी का उत्पादन 112 लाख टन रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 121.20 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 31 दिसंबर, 2023 तक चीनी का उत्पादन 111.80 लाख टन रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 121.20 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस्मा के मुताबिक इस वर्ष चालू चीनी मिलों की संख्या 512 है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 509 चीनी मिलें संचालित थीं। इस्मा के मुताबिक विशेष रूप से इस वर्ष महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी मिलें पिछले वर्ष की तुलना में करीब 10-15 दिन बाद शुरू हुई हैं, जबकि कटाई की प्रारंभिक गति नवंबर के मध्य तक धीमी रही। हालांकि, इस समय देशभर में चीनी मिलों में पेराई जोरों पर है।

## व्यापार

### ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत एशियाई बाजारों में भी गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज कमजोर संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद गिरावट के साथ बंद हुए। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव के बीच कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है।

ब्रोकरेज एजेंसियों द्वारा टेक कंपनियां को डाउनग्रेड कर दिए जाने की वजह से अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान गिरावट दर्ज की गई। हालांकि डाउ जॉन्स सपाट स्तर पर बंद होने में सफल रहा, लेकिन एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,728.64 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह नैस्डेक अक्टूबर के बाद पहली बार 299.22 अंक यानी 1.99 प्रतिशत टूट कर 14,712.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,695.44 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।]

यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.15 प्रतिशत फिसल कर 7,721.52 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,530.86 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,769.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

# शेयर बाजार में गिरावट जारी, लगातार चौथे दिन लाल निशान में बंद हुए सेंसेक्स-निफ्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट में बने दबाव के माहौल के कारण घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक मामूली खरीदारी भी हुई। लेकिन उसके बाद बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.75 प्रतिशत और निफ्टी 0.69 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान मेटल, कमोडिटी और आईटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। दूसरी ओर पावर, रियल्टी, टेलीकम्युनिकेशंस और यूटिलिटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना रहा। आज के कारोबार में लार्जकैप शेयरों और कुछ बड़े सेक्टर में ही बिकवाली का दबाव नजर आया। लेकिन छोटे और मंझोले शेयरों में खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

**निवेशकों को 1 दिन में लगा 7 हजार करोड़ का चूना**



आज बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 7 हजार करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 365.11 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 365.18 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 7 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,945 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,198 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,638 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 109 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,162 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,165 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 997 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर बढ़त के साथ और 20 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 59.86 अंक टूट कर 71,832.62 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत में मामूली खरीदारी भी होती नजर आई।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब 2 डॉलर घटकर 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 71 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.06 डॉलर यानी 0.08 फीसदी की गिरावट के साथ 75.83 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.02 डॉलर यानी 0.03 फीसदी लुढ़ककर 72.73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार

## सोना-चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार होता नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में आज सोना और चांदी मंगलवार के भाव के आसपास ही है। इसकी वजह से कारोबारी सोना (24 कैरेट) आज भी 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बना हुआ है। जेवराती सोना (22 कैरेट) भी 59 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के आसपास बना हुआ है। इसी तरह चांदी में भी आज कोई हलचल नहीं है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी आज 78,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 64,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 64,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 64,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 64,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।